

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शनिवार 7 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष -41 ■ अंक-307 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 8 फरवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये





# गुरुकुल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने परीक्षा पे चर्चा में लिया भाग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 7 फरवरी।** गुरुकुल पब्लिक स्कूल में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी जी शिक्षक की भूमिका में दिखे। उन्होंने 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को परीक्षा के विषय में जरूरी परामर्श दिया। मीडिया प्रभारी पीजीटी हिंदी डॉक्टर विजय कुमार शाही ने बतलाया कि इस ऑनलाइन कार्यक्रम में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों से आए विद्यार्थियों के विभिन्न शंकाओं का माननीय प्रधानमंत्री जी ने सटीक समाधान किया। उन्होंने परीक्षा की तैयारी के लिए समय प्रबंधन, तनाव से मुक्ति, लक्ष्य निर्धारण एवं उसकी प्राप्ति के लिए जरूरी प्रयास पर विशेष बल दिया। उन्होंने पालकों एवं अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वह विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं क्षमता के अनुसार उनका सहयोग करें। उन्होंने पाठ्यक्रम को सटीक भाव से समझ कर उसे रटने की बजाय समझाने पर बल दिया। उन्होंने परीक्षा से संबंधित जटिल प्रश्नों का उत्तर सरल उदाहरण के द्वारा स्पष्ट किया। उन्होंने प्रधानमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों से आत्मीय भाव से वार्तालाप किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। गुरुकुल ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में शाला के प्राचार्य मनोज कुमार राय ने बच्चों से कहा कि प्रधानमंत्री जी के परामर्श को सभी सावधानी पूर्वक सुने और उसे अपने व्यवहार में अमल करें। शाला के अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारीगण ने आशा व्यक्ति की कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के द्वारा शाला के विद्यार्थियों अवश्य लाभान्वित होंगे।

## सुंदर आवास बनने से गांवों के गरीब परिवार में खुशी की लहर



**कवर्धा,7 फरवरी (तछसं.)।** जिला पंचायत सदस्य गंगा लोकचंद साहू ने विकास कार्य की चर्चा करते हुए कहा की जिला पंचायत सात में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी गांवों में गरीब परिवार, किसानों के सुंदर आवास बनने से परिवार में हर्ष व्याप्त है। शासन की योजनाओं का लाभ अच्छे से लोगों को मिल रहा है। महतारी वंदन योजना का लाभ मिलने से महिलाएं भी खुश है। सीएम विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम विजय भैया के मार्गदर्शन में गुणवत्ता युक्त विकास कार्य जारी है। गांवों में गुणवत्ता विकास हो जिस पर हमेशा फोकस रखती हूं। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू ने कहा की गांवों में तेज गति से विकास हो जिसके लिए सार्थक प्रयास और भावी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

# आयुक्त ने किया जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र का सघन निरीक्षण



**भिलाई, 7 फरवरी।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, विकास कार्यों एवं नागरिक सुविधाओं का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुपर बाजार, आईटीआई ग्राउंड, बाल आश्रम, एसएलआरएम सेंटर एवं इस्पात क्लब का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। होण्डा शोरूम के समीप स्थित सुपर बाजार के निरीक्षण में भवन को जर्जर पाए जाने पर आयुक्त ने जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे के साथ स्थल के बेहतर उपयोग पर चर्चा की तथा इसके पुनर्निर्माण अथवा नवीन परियोजना हेतु शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। आईटीआई ग्राउंड के मुख्य प्रवेश द्वार की खराब स्थिति पर आयुक्त ने तत्काल संधारण कार्य कराने के निर्देश दिए ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। आयुक्त ने बाल आश्रम का निरीक्षण कर एसएलआरएम सेंटर एवं 'हमर क्लीनिक' की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने नवनिर्मित एसएलआरएम सेंटर में कार्यरत महिला स्वच्छता कर्मियों से चर्चा कर फीडबैक भी प्राप्त किया। समीप स्थित इस्पात क्लब के निरीक्षण के दौरान भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए आयुक्त ने इसके भविष्य के स्वरूप पर अधिकारियों से विचार-विमर्श किया। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी सहित अन्य निगम अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा कि जर्जर संरचनाओं का संधारण निगम की प्राथमिकता है और सुपर बाजार जैसे महत्वपूर्ण स्थलों के पुनर्विकास हेतु शीघ्र शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

## एक नजर

### कॉपर चोरी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 7 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई बीएसपी में कॉपर चोरी मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है भठ्ठी टीआई प्रकाश कांत ने बताया कि केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई ने जलभवन के पीछे स्थित प्रोपेन प्लांट क्षेत्र से कॉपर वायर चोरी करने वाले स्टेशन मरोदा उत्कल नगर निवासी आरोपी संतोष निषाद ने चोरी की सारी जानकारी पुलिस को दी। इस दौरान पुलिस ने तांबा तार चोर गिरोह के सरगना संगम चौक स्टेशन मरोदा निवासी शत्रुघन धनकर को गिरफ्तार किया गया पूछताछ में पुलिस को बताया कि बीएसपी की बाउंड्री वॉल पार कर भीतर प्रवेश कर वाहन कार सीजी-04-ई-9100 में 210 किलो ग्राम कॉपर स्क्रैप वायर लोड कर चोरी करना स्वीकार किया जिसकी कीमत 1.36 लाख 500 रुपए आंकी गई है ।

### ठगी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 7 फरवरी (तछसं.)।** फॉरेक्स ट्रेडिंग का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है भिलाई नगर टीआई जितेंद्र वर्मा ने बताया कि इंस्टाग्राम पर फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश के लिए पीड़ित के पास आए लिंक को ओपन किया। जिसमें विभिन्न किस्तों में 48.67 लाख 500 रुपए का ठगी की गई घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र की है पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण, डिजिटल ट्रैकिंग के आधार पर पूर्व में आंध्रप्रदेश के जिला अनकापल्ली से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया अहमदनगर जिला सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में संचालित ट्रस्ट के बैंक खाते में आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कराई गई थी। इस दौरान पुलिस ने संगनमेयर, जिला अहमदनगर, महाराष्ट्र निवासी मनोहर लक्ष्मण मोरे को पकड़ा गया पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया आरोपी से मोबाइल फोन, बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड जब्त किया है।

### पशु क्रूरता,एक आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 7 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई पशु क्रूरता के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है छावनी पुलिस ने बताया कि घटना जलेबी चौक के पास सुंदर नगर नाला के पास की है आरोपी ने लोहे के हथौड़े से पालतू पशु को बुरी तरहा मारा, जिससे छावनी पुलिस ने आरोपी निवासी बाबूराव उर्फ पंडू को गिरफ्तार किया गया है आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### लूट की झूठी कहानी, एक बंदी



**भिलाई, 7 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र के लूट की झूठी कहानी गढ़ने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है ग्राम कुगड़ा कुम्हारी निवासी नितेश देवांगन ने पुलिस को सूचना दी कि वह ज्वेलरी खरीदकर घर लौट रहा था कुगड़ा रोड में सार्थक होम के पास तीन अज्ञात युवक आए उन्होंने धारदार हथियार दिखाकर उससे सोने की ज्वेलरी व नगदी लूटी और फरार हो गए कुम्हारी प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस पुलिस जांच में जुट गई सीसीटीवी कैमरों को खंगालने पर पाया गया कि पीड़ित ने जहां घटना स्थल और समय बताया वहां उस तरह की कोई वारदात नहीं हुआ है कुम्हारी थाने पुलिस ने जब आगे जांच की तो पाया कि नीतेश देवांगन को व्यापार में काफी नुकसान हुआ था इस लिए उसने बीमा से मुआवजा राशि लेने के लिए अपने साथ लूट की झूठी शिकायत की पुलिस ने नीतेश के पास से सोने की ज्वेलरी 7 जोड़ी टाप्स, 5 जोड़ी बाली जिसका वजन 30 ग्राम है जब्त किया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया ज्वेलरी खरीदकर लौटते समय दिया ।

# सेक्टर-9 हॉस्पिटल में सीपीआर प्रशिक्षण दिया गया



**भिलाई, 7 फरवरी।** जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में सोमवार को हैंड्स-ओनली सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर एवं डॉ. उदय कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को हैंड्स-ओनली सीपीआर की सही तकनीक से अवगत कराया गया, जिससे वे चिकित्सकीय सहायता पहुंचने से पहले त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया दे सकें। सत्र में कार्डियक अरेस्ट की शीघ्र पहचान, आपातकालीन सेवाओं को तुरंत सूचित करने तथा निरंतर और उच्च गुणवत्ता वाले चेस्ट कंप्रेशन की महत्ता पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को जीवंत प्रदर्शन के साथ प्रायोगिक अभ्यास भी कराया गया। हैंड्स-ओनली सीपीआर का व्यावहारिक प्रदर्शन एनेस्थीसिया विभाग की डॉ. तनुजा, डॉ. कुमुदनी, डॉ. निलेश एवं डॉ. प्रिया द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को चरणबद्ध तरीके से प्रक्रिया समझाते हुए आत्मविश्वास के साथ सीपीआर देने का प्रशिक्षण दिया।

## भिलाई स्टील हॉफ मैराथन ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा लागू

**भिलाई, 7 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 8 फरवरी रविवार को शहीद वीर नारायण सिंह जयंती स्टेडियम से भिलाई स्टील हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। मैराथन में 21.09 किमी, 10 किमी एवं 5 किमी की दौड़ होंगी, जिनका फ्लैग ऑफ सुबह 6 बजे से होगा। आयोजन में लगभग 3000 धावक भाग लेंगे। मैराथन के दौरान सुबह 6 से 9.15 बजे तक फॉरेस्ट एवेन्यू रोड, मेन गेट, इक्विपमेंट चौक, रेल चौक, सेल परिवार चौक, सेक्टर-9 हॉस्पिटल चौक, तालपुरी चौक एवं पंथी चौक क्षेत्र में ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा।

# मैत्री बाग में फ्लावर शो 2026 का आयोजन 8 को

**भिलाई, 7 फरवरी।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के उद्यानिकी अनुभाग द्वारा फ्लावर शो 2026 का आयोजन 8 फरवरी रविवार को मैत्री बाग में किया जाएगा। मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र होंगे। फ्लावर शो 2026 के अंतर्गत बीएसपी एवं नॉन-बीएसपी के रेसीडेंशियल हाउस गार्डन (सेक्टर-01 से 10), हॉस्पिटल सेक्टर, मरोदा सेक्टर, रिसाली तथा रूआबांधा क्षेत्र में निवासरत प्रतिभागी प्रतियोगिताओं में भाग ले रहें हैं। इसके अतिरिक्त हाई स्कूल एवं मिडिल स्कूल के स्कूल गार्डन, पॉटेड प्लांट, कट फ्लावर, फ्लोरल डेकोरेशन, फल एवं सब्जियों से बने मॉडल, रंगोली, फल एवं सब्जियों की विशेष प्रदर्शनी, माला निर्माण, बुके तथा सलाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को अपने गमले, फूल एवं प्रदर्शनी सामग्री 08 फरवरी, 2026 को संध्या 7.00 बजे से पूर्व नहीं हटाने के निर्देश दिए गए हैं। फ्लावर शो 2026 के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें किंग ऑफ द शो एवं क्वीन ऑफ द शो सहित अन्य आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कारों का वितरण मुख्य अतिथि एवं अन्य सम्मानित अतिथियों द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही फ्लावर शो के अवसर पर स्कूली बच्चों एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। नगर सेवाएं विभाग के उद्यानिकी अनुभाग ने नगर वासियों से फ्लावर शो 2026 में अधिक से अधिक संख्या में आकर इस पुष्पोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

# प्रीमियर लीग के विजेताओं का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न



**भिलाई, 7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ एवं संचालनालयीन शासकीय कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नवा रायपुर प्रीमियर लीग एनपीएल के अंतर्गत क्रिकेट एवं बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन इंद्रावती भवन स्थित ऑडिटोरियम में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने कहा कि शासकीय सेवकों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए खेल गतिविधियाँ अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सभी कर्मचारियों को उम्र एवं क्षमता के अनुसार खेल अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि राहुल देव ने कहा कि भविष्य में एनपीएल में क्रिकेट के साथ-साथ पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया जाना चाहिए। वहीं चंद्रकांत वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विभिन्न विभागों के बीच परस्पर समन्वय एवं सौहार्द बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अध्यक्षता कर रहे एनपीएल संयोजक कमल वर्मा ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए सभी सहयोगी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। जय कुमार साहू एवं संतोष कुमार वर्मा ने आयोजन की सफलता में कार्यकारियों के योगदान को सराहा। समारोह में क्रिकेट प्रतियोगिता में वन विभाग को विजेता एवं रायपुर विकास प्राधिकरण को उपविजेता घोषित किया गया। पुरुष सिंगल्स बैडमिंटन में हितेंद्र मार्कण्डेय विजेता एवं महेश्वर परिदा उपविजेता रहे। पुरुष डबल्स में अतुल चंद्राकर एवं तरुण की जोड़ी विजेता तथा दीपेंद्र दोरिया एवं धर्मेंद्र पांडे उपविजेता रही। महिला सिंगल बैडमिंटन में भावना देशमुख विजेता एवं काजल श्रीवास उपविजेता रहीं। संचालन देवाशीष दास ने किया। आभार प्रदर्शन सुनील उपाध्याय ने किया।

# वैशाली नगर महाविद्यालय में लैंगिक संवेदनशीलता पर व्याख्यान आयोजित



**भिलाई, 7 फरवरी।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर भिलाई जेंडर सेन्सिटिसेशन एंड इक्वल अपॉर्चुनिटी विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती अलका मेश्राम ने की । उन्होंने अपने उद्बोधन में उपस्थित छात्राओं को लैंगिक संवेदनशीलता के संबंध में अपने विचार को विस्तृत करने की आवश्यकता पर बल दिया जिससे कि समावेशी एवं न्यायपूर्ण समाज का निर्माण हो सके। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तथा वक्ता अधिवक्ता सुश्री अनामिका गुहारॉय रही। उन्होंने अपने व्याख्यान में माता पिता को परिवार में बेटा-बेटी में समानता से व्यवहार करने की आवश्यकता बताई जिससे ही समाज में लैंगिक संवेदनशीलता आ सकती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया कि वे अपने परिवार को इस विषय पर जागरूक करें। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे संघर्ष कर सबरीमाला मंदिर में महिलाओं का प्रवेश प्रारंभ हुआ, वैसे ही संघर्ष किए बिना लैंगिक समानता लाना कठिन है। इसके साथ ही उन्होंने छात्राओं को कानून संबंधी जानकारी भी दी। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो कौशल्या शास्त्री ने किया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के लैंगिक संवेदनशीलता प्रकोष्ठ के अंतर्गत हुआ। कार्यक्रम में डॉ नीता डेनियल, डॉ मेरिली राय, डॉ रविंदर छाबड़ा, प्रो सुशीला शर्मा, डॉ आरती दिवान, प्रो शैल शर्मा, डॉ मीनाक्षी भारद्वाज तथा अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## एएसआई केएस यादव ने हेलमेट पहनने की सलाह दी

**कवर्धा,7 फरवरी।** दुपहिया वाहन चलने वाले व्यक्ति को हेलमेट पहनने की सलाह देते हुएं कहा की हेलमेट पहनना दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने और यातायात सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करे । गाड़ी ज्यादा तेज गति से ना चलाए । कबीरधाम जिले वासियों से ए एस आई के एस यादव ने कहा की हेलमेट अवश्य पहनने की विनम्र अपील करते हुए कहा की हेलमेट अवश्य पहनिए क्योंकि हेलमेट आपके लिए सुरक्षा कवच है ।

# विधायक ने मीडिया सेंटर का किया औचक निरीक्षण



**राजिम,7 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प मेला क्षेत्र में व्यवस्थाओं को लेकर राजिम विधायक रोहित साहू ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेला परिसर स्थित मीडिया सेंटर का विशेष रूप से जायजा लिया और वहां की कार्यप्रणाली, समाचार-फ़ोटो संकलन व प्रसारण व्यवस्था सहित पत्रकारों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान विधायक साहू ने मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा की। उन्होंने बैठने की व्यवस्था, इंटरनेट कनेक्टिविटी, बिजली आपूर्ति, कंप्यूटर सुविधा, प्रेस विज्ञप्तियों की उपलब्धता और अन्य सुविधाओं को लेकर पत्रकारों से फीडबैक लिया। पत्रकारों ने मीडिया सेंटर एवं मेला के व्यवस्थाओं को लेकर अपने सुझाव रखे, जिन्हें विधायक ने गंभीरता से सुना और अव्यवस्था को शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।विधायक रोहित साहू ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि देशभर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। ऐसे में आयोजन से जुड़ी सटीक, त्वरित और सकारात्मक जानकारी मीडिया के माध्यम से आमजन तक पहुंचना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के सशक्त स्तंभ हैं और उनके लिए बेहतर कार्य व्यवस्था उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद रास्तों से बेरिकेटिंग हटा दिए गए गए है। साथ ही कुंभ मेला में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था और पत्रकारों को निर्बाध रूप से कार्य करने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,7 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (भापुसे) के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र कुमार बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी बोड़ला के पर्यवेक्षण में थाना बोड़ला अंतर्गत पुलिस चौकी पोंडी द्वारा नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है।प्रकरण में प्रार्थी रूपेश जायसवाल, निवासी सुरजपुरा, चौकी पोंडी थाना बोड़ला जिला कबीरधाम द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि कुछ व्यक्तियों द्वारा उसके भांजे कृष्णा कुमार जायसवाल से शासकीय नौकरी दिलाने का प्रलोभन देकर दिनांक 26.09.2023 से 25.02.2024 के मध्य कुल बारह लाख बासठ हजार रुपये की ठगी की गई है। रिपोर्ट पर थाना बोड़ला में अपराध क्रमांक 155/2024 धारा 420, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।विवेचना के दौरान प्रकरण के आरोपी भागीरथी साहू को पूर्व में माननीय उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत प्राप्त होने के कारण औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया था, जबकि अन्य आरोपी हरिशंकर गजभिये एवं डोमार चंदेल घटना दिनांक से फरार पाए गए, जिनके विरुद्ध फरारी पंचनामा तैयार कर संबंधित तहसील कार्यालयों से उनकी चल-अचल संपत्ति की जानकारी प्राप्त की गई है। फरार आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार पृथक चालान प्रस्तुत किया गया है।प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपी उमेश चंद्रा पिता रेशम लाल चंद्रा उम्र 30 वर्ष, निवासी अरसिया थाना जैजैपुर जिला शक्ति की पतासाजी की गई। पूछताछ में आरोपी द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर अंकसूची एवं अन्य मूल दस्तावेज प्राप्त करना तथा 05 लाख रुपये नगद लेना स्वीकार किया गया। आरोपी के पास से संबंधित दस्तावेज विधिवत जप्त किए गए।पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर आरोपी उमेश चंद्रा को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी पोंडी के चौकी प्रभारी उप निरीक्षक लक्ष्मीनारायण साव , सहायक उप निरीक्षक बलदाऊ साहू, प्रधान आरक्षक खूबी साहू एवं आरक्षक क्रमांक 927 राहुल कश्यप का सराहनीय योगदान रहा।

# राजिम कुंभ कल्प मेला में विधायक रोहित साहू ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**राजिम,7 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प मेला में राजिम विधायक रोहित साहू लगातार मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते नजर आए। उन्होंने मेला परिसर में श्रद्धालुओं के लिए की गई सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता एवं विभागीय स्टॉलों का बारीकी से निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। विधायक ने कहा कि कुंभ कल्प में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

निरीक्षण के दौरान विधायक रोहित साहू गुपचुप की दुकान पर रुक गए। स्वादिष्ट गुपचुप देखकर उन्होंने दुकान संचालक से बातचीत की और गुपचुप मंगवाकर स्वयं चटकारे लेकर खाया। उनके साथ मौजूद लोगों ने भी गुपचुप का स्वाद लिया। विधायक का आमजन के बीच इस तरह सहज रूप से घुलना-मिलना लोगों के लिए चर्चा का विषय बन गया।इसके बाद विधायक दाल-भात केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने केंद्र का निरीक्षण कर वहां कार्यरत दीदियों से चर्चा की। उन्होंने केंद्र की भोजन की गुणवत्ता और श्रद्धालुओं की संख्या के बारे में जानकारी ली। अपने बीच विधायक को पाकर समूह की महिलाएं काफी उत्साहित और प्रसन्न नजर आईं। विधायक ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

### विभागीय स्टॉल का किया निरीक्षण

विधायक रोहित साहू ने चार धाम यात्रा परिसर और राम वन गमन पथ का भी अवलोकन किया, जिसे देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग के स्टॉल में पहुंचकर शुद्ध कोसा वस्त्र खरीदे। उन्होंने ग्रामोद्योग विभाग के रेशम प्रभाग में जाकर कोसा उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की और स्थानीय कारीगरों के कार्य की सराहना की।इसके अतिरिक्त विधायक ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के स्टॉल पर पहुंचकर योजना से आम जनता को मिल रहे लाभों की जानकारी ली। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ की जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के स्टॉलों का भी निरीक्षण किया।महिला एवं बाल विकास विभाग के मंडप में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' स्लोगन देखकर विधायक रोहित साहू ने कहा कि आज के समय में बेटी और बेटा दोनों का संरक्षण और शिक्षा जरूरी है, तभी समाज और सृष्टि का संतुलन बना रहेगा। निरीक्षण के दौरान भाजपा के कार्यकर्ता, विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शनिवार 7 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष -41 ■ अंक-307 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 8 फरवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


### बस्तर पंडुम का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया शुभारंभ

## बस्तर में अविश्वास और भय का माहौल समाप्त , लौट रही शांति

■ तरुण छत्तीसगढ़

**जगदलपुर,7 फरवरी।** जगदलपुर में आयोजित 3 दिवसीय आदिवासी सांस्कृतिक महाकुंभ बस्तर पंडुम का आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उद्घाटन किया. इस अवसर पर राष्ट्रपति ने बस्तर में हाल ही के दिनों में आए बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि 4 दशक से यह क्षेत्र माओवादियों से ग्रस्त था. सबसे अधिक नुकसान युवाओं, आदिवासियों को हुआ है. भारत सरकार की निर्णायक कार्रवाई से बस्तर में वर्षों से व्याप्त असुरक्षा, भय और अविश्वास और का वातावरण अब समाप्त हुआ. माओवाद से जुड़े लोग हिंसा का रास्ता छोड़ रहे हैं, जिससे शांति लौट रही है. आयोजन के शुभारंभ के



दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि बड़ी संख्या में माओवादियों सरेंडर कर रहे हैं. जो सरेंडर कर रहे हैं, सरकार सुनिश्चित कर रहे हैं कि जो लोग हथियार छोड़ चुके हैं, वे लोग सामान्य जीवन जी सकें, उनके लिए अनेक विकास एवं कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है. सरकार के प्रयास और इस क्षेत्र के लोगों के सहयोग के बल पर आज बस्तर में विकास का नया सूर्योदय हो रहा है.

गांव-गांव में सड़क, बिजली और पानी की सुविधा हो रही है. वर्षों से बंद स्कूल खुल रहे हैं. और बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं. यह सुखद तस्वीर है, जो देशवासियों में खुशी का संचार कर रही है. हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्य धारा में लौटने वालों सभी लोगों की सराहना करती हैं, उनसे अनुरोध है कि वे देश के संविधान और लोकतंत्र में पूरी आस्था रखें. जो लोग बरगला रहा हैं, उन पर विश्वास न करें. राष्ट्रपति ने कहा कि लोकतंत्र की ताकत यह है उड़ीसा के एक छोटे से गांव की बेटी आज भारत की राष्ट्रपति के रूप में आपको संबोधित कर रही हूं. आप लोगों में मुझसे अधिक ताकत और हौसला है, सरकार आपके लिए समर्पित है. यह छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के लिए समर्पित है. इसीलिए पढ़ाई करें, मुख्यधारा में लौटे, आगे बढ़े. जो पीछे हैं, उन्हें आगे करना सरकार की मंशा है.

### बस्तर पंडुम छत्तीसगढ़ की आत्मा है : सीएम साय

वहीं कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सौभाग्य का विषय है कि राष्ट्रपति बस्तर पण्डुम का न्यौता स्वीकार कर पहुंची है. यह बस्तर के लिए आशीर्वाद है, जनजातीय समाज के साथ खुशी का पल है. बस्तर पंडुम बस्तर के कलाकारों को मंच देता है. उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 47 हजार लोगों ने भाग लिया है, जिसे गिनीज वर्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ था. इस वर्ष 52 हजार लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है. उन्होंने कहा कि एक समय था, जब बस्तर नक्सलवाद का दंश झेलता था, जहां गोलियों की आवाज गूंजती थी, आज वहां स्कूल



की घंटियां बजती है. जहां झंडा नहीं फहराया जाता था, अब वहां राष्ट्रीय गान गूंजता है, जो लोग कभी हथियार लेकर चलते थे, आज वो पुनर्वास कर सरकार को योजना का लाभ ले रहे हैं. बस्तर ओलंपिक और पांडुम यह बताता है कि अब बस्तर के लोग हथियार नहीं उठाना चाहते है, बस्तर पंडुम सिर्फ आयोजन नहीं, छत्तीसगढ़ की आत्मा है.



## जनजातीय परंपराओं और संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनी का मुर्मु ने किया अवलोकन

■ तरुण छत्तीसगढ़

**जगदलपुर 7 फरवरी।** बस्तर पंडुम के शुभारंभ समारोह में शामिल होने पहुंचीं राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज बस्तर की माटी की सुगंध और आदिम जनजातीय परंपराओं पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर वहां मौजूद स्थानीय निवासियों और कारीगरों से प्रदर्शित कलाओं एवं उत्पादों की विस्तृत जानकारी ली। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने बस्तर पंडुम को आदिवासी विरासत को संजोने और उसे पूरी दुनिया तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने एक-एक कर ढोकरा हस्तशिल्प कला, टेराकोटा, वुड कार्विंग, सीसल कला, बांस कला, लौह शिल्प, जनजातीय वेश-भूषा एवं आभूषण, तुम्बा कला, बस्तर की जनजातीय चित्रकला, स्थानीय व्यंजन तथा लोक चित्रों पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इसकी सराहना की। बस्तर पंडुम आयोजन स्थल पर जनजातीय हस्तशिल्प आधारित प्रदर्शनी में ढोकरा कला से निर्मित सामग्रियों का विशेष प्रदर्शन किया



गया। इस हस्तशिल्प में लॉस्ट वैक्स कास्टिंग तकनीक का उपयोग किया जाता है। यह भारत की प्राचीन जनजातीय धातु कला है, जिसमें प्रकृति, देवी-देवताओं और ग्रामीण जीवन की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। ढोकरा की प्रत्येक कृति पूर्णतः हस्तनिर्मित होती है। इसके निर्माण में समाड़ी मिट्टी, मोम वैक्स, तार, पीतल, गरम भट्टी एवं सफाई मशीन का उपयोग किया जाता है। स्थानीय टेराकोटा कला को दर्शाती मिट्टी से बनी आकृतियों का भी प्रदर्शन किया गया, जो लोक आस्था, ग्रामीण जीवन और पारंपरिक विश्वासों को सजीव रूप में प्रस्तुत करती हैं। स्थानीय व्यंजन स्टॉल में जनजातीय दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली खाद्य सामग्री एवं पेय पदार्थों का प्रदर्शन किया गया। इसमें जोंधरी लाई के लड्डू, जोंधरा, मंडिया पेज, आमट, चापड़ा चटनी, भेंडा चटनी, कुलथी दाल, पान बोबो, तीखुर जैसे पारंपरिक व्यंजनों के साथ पेय पदार्थ लांदा और सल्फी को प्रदर्शित किया गया।

## सीबीआई के चीफ मैनेजर के घर से 5 लाख के जेवर साफ

**कोरबा,7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में एसबीआई के चीफ मैनेजर के घर चोरी का मामला सामने आया है. चीफ मैनेजर अपने परिवार के साथ रायपुर आए थे. इधर चोरों ने सूने मकान में खिड़की तोड़कर प्रवेश किया. चोरों ने घर में रखे 5 लाख रुपए की कीमती जेवर पर हाथ साफ किया और फरार हो गए. घटना मानिकपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत दादर खुर्द मार्ग की है. जानकारी के मुताबिक, राजू मोदी एसबीआई बैंक में चीफ मैनेजर के पद पर पदस्थ है. वह शुक्रवार को अपने परिवार के साथ जमीन लेने के बाद रजिस्ट्री कराने गया रायपुर आए थे. देर रात लगभग 1 बजे घर लौटे. घर का ताला खोलकर अंदर जाने पर उन्होंने देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा था. बेडरूम की खिड़की की रॉड टूटी हुई थी. जिससे चोरी की आशंका हुई. उन्होंने तत्काल 112 और मानिकपुर चौकी पुलिस को सूचना दी. पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. मौके पर डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया. देर रात लगभग 1 बजे घर लौटे. घर का ताला खोलकर अंदर जाने पर उन्होंने देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा था.

## किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं: शिवराज

नई दिल्ली,7 फरवरी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आश्वासन दिया कि सरकार ने अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के अंतरिम ढांचे में किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए सभी प्रमुख फसलों और दुग्ध उत्पादों की रक्षा की है। शिवराज सिंह चौहान ने इस बात पर भी जोर दिया कि इस समझौते से भारतीय निर्यात के लिए अमेरिकी बाजार खुलेंगे और उन्होंने कहा कि हमारे बासमती चावल अमेरिका में धूम मचा देंगे।

कृषि मंत्री ने पत्रकारों से कहा कि इससे बहुत लाभ होगा। यह भारत के किसानों और जनता के हित में है। हमने सभी प्रमुख फसलों और दुग्ध उत्पादों की रक्षा की है। दूसरी ओर, किसानों को निर्यात के लिए बाजार मिलेंगे। हमारे बासमती चावल अमेरिका में धूम मचा देंगे। हमारे मसाले वहां जाएंगे। यह किसानों के हित में है। शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में किसानों से बातचीत के दौरान ये टिप्पणियां कीं। भारत और अमेरिका ने पारस्परिक और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार से संबंधित एक अंतरिम समझौते के लिए एक रूपरेखा की घोषणा की। संयुक्त बयान में कहा गया है कि यह रूपरेखा 13 फरवरी, 2025 को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) वार्ता के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है, जिसमें अतिरिक्त बाजार पहुंच प्रतिबद्धताएं और जिसमें सूखे अनाज (डीडीजी), पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट और अन्य उत्पाद शामिल हैं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भी किसानों के प्रति सरकार



अधिक लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए समर्थन शामिल होगा। बयान के अनुसार, भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क समाप्त या कम करेगा, की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि घरेलू किसानों के हितों की रक्षा के लिए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में दुग्ध उत्पादों, फलों, सब्जियों, मसालों और अन्य अनाजों को संरक्षित किया गया है।

## राज्यपाल डेका और सीएम साय ने काफिला रोककर देखी एनएच-30 के कार्य की प्रगति

### अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण निर्माण के दिए निर्देश

**कोंडागांव,7 फरवरी।** रायपुर से जगदलपुर जाते समय केशकाल में अचानक राज्यपाल डेका और मुख्यमंत्री साय का काफिला रुक गया. वजह थी राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर चल रहा सड़क उन्नयन कार्य. मुख्यमंत्री ने मौके पर उतरकर निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया और अधिकारियों को साफ शब्दों में चेताया कि काम में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि एनएच-30 बस्तर संभाग की सबसे अहम सड़क है, जो राजधानी रायपुर को बस्तर और अन्य राज्यों से जोड़ती है. ऐसे में सड़क निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए. उन्होंने अधिकारियों को तय मापदंडों के अनुसार काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए.

**केशकाल बायपास पर भी नजर-** निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री साय ने केशकाल नगर के साथ-साथ केशकाल बायपास निर्माण कार्य की जानकारी ली. कलेक्टर को निर्देश दिए गए कि निर्माण



कार्य समय-सीमा के भीतर पूरा कराया जाए और नियमित निगरानी रखी जाए, ताकि आम लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके.

**कोंडागांव में दीदी की रसोई पहुंचे, फरा-अंगाकर रोटी चखी-** इसके बाद राज्यपाल डेका और मुख्यमंत्री साय कोंडागांव पहुंचे. यहां उन्होंने बिहान योजना के तहत स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित "मोर सुआद-दीदी की रसोई" का निरीक्षण किया. महिलाओं ने पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया. मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने बस्तर के पारंपरिक व्यंजन फरा और अंगाकर रोटी का स्वाद लिया. मुख्यमंत्री साय ने समूह की महिलाओं से आय और कामकाज की जानकारी ली और कहा कि स्व-सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का मजबूत माध्यम हैं. उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि महिलाओं को आजीविका के लिए हर संभव सहयोग दिया जाए.

## ऋतु तावड़े होंगी मुंबई की नई महापौर

**मुंबई,7 फरवरी।** बीएमसी चुनावों में महायुति गठबंधन की स्पष्ट जीत के बाद, भाजपा की ऋतु तावड़े मुंबई की अगली मेयर बनने के लिए तैयार हैं, जिससे निगम में पार्टी का 40 साल का इंतजार खत्म हो जाएगा। शिवसेना (शिंदे गुट) के संजय शंकर घाड़ी उप महापौर पद के उम्मीदवार होंगे, और आंकड़ों के आधार पर दोनों की जीत निश्चित मानी जा रही है। बीएमसी चुनावों में महायुति गठबंधन के शानदार प्रदर्शन के बाद भाजपा नेता रितु तावड़े ने महापौर पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया है।



तावड़े घाटकोपर के वार्ड 132 से पार्षद हैं और इस सीट से दोबारा चुनी गई हैं। शिवसेना (शिंदे गुट) की नेता संजय शंकर घाड़ी गठबंधन की ओर से उप महापौर पद की उम्मीदवार हैं। उन्होंने भी अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। परिणाम 11 फरवरी को घोषित किए जाएंगे, लेकिन आंकड़ों से दोनों उम्मीदवारों की आरामदायक जीत का संकेत मिलता है।

## जनता के गुस्सा से भयभीत यूनुस छुप गये

**ढाका,7 फरवरी।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका एक बार फिर उबल पड़ी जब अंतरिम शासन के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के खिलाफ सरकारी कर्मचारियों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। सैकड़ों कर्मचारी नौवां राष्ट्रीय वेतनमान लागू करने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे और तीखे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पेट में अन्न नहीं, विकास केवल बातों में है और अन्याय का हिसाब खून से होगा।

शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे शाहबाग क्षेत्र से जुलूस निकला और जामुना स्थित मुख सलाहकार आवास की ओर बढ़ा। रास्ते में कई जगह बैरिकेड लगाए गए, पर भीड़ ने धक्का देकर आगे बढ़ने की कोशिश की। हालात बिगड़ते देख सुरक्षा बलों ने पानी की बौछार, आंसू गैस और ध्वनि बम का सहारा लिया। इसके बावजूद कुछ समय के लिए प्रदर्शनकारी जामुना तक पहुंच गए। बाद में सुरक्षा कड़ी कर क्षेत्र खाली कराया गया। सबसे तीखे टकराव जामुना के बाहर हुए जहां कम से कम चालीस लोग घायल बताए गए।



जब भीड़ ने बैरिकेड तोड़े तो लाठी चलानी पड़ी। इस विरोध में इंकिलाब मंच नाम का राजनीतिक समूह भी कूद पड़ा, जो यूनुस के विरोध के लिए पहले से जाना जाता है। उसके सह संस्थापक शरीफ उस्मान हादी की 18 दिसंबर को मौत हो गई थी, जिन्हें ढाका में सिर में गोली लगी थी। इंकिलाब मंच संयुक्त राष्ट्र की अगुवाई में निष्पक्ष जांच की मांग कर रहा है और उसी मांग के साथ वह सरकारी कर्मचारियों के साथ जुड़ गया। जामुना से हटाए जाने के बाद प्रदर्शनकारी दोपहर के आसपास एक बड़े अंतरराष्ट्रीय होटल के पास फिर जमा हुए और नारेबाजी जारी रखी। वहां से जामुना की ओर जाने वाले रास्तों पर अतिरिक्त बल तैनात किया गया। हालात पर नजर रखने के लिए पुलिस महानिरीक्षक बहारुल आलम और ढाका महानगर पुलिस आयुक्त शेख सज्जात अली समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। सुरक्षा घेरे के बीच विरोध सीमित रूप में चलता रहा।

## भारत में मुसलमानों की आबादी कभी भी हिंदुओं से अधिक नहीं होगी: ओवैसी

**हैदराबाद,7 फरवरी।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि भारत में मुस्लिम आबादी कभी भी हिंदू आबादी से अधिक नहीं होगी।

हैदराबाद से सांसद ओवैसी ने तेलंगाना में नगर निगम चुनाव से पहले शुक्रवार रात निजामाबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वह राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हालिया भाषण को सुन रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि पूरी दुनिया की आबादी बूढ़ी हो रही है जबकि भारत की आबादी युवा है। एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी ने सवाल किया, "अगर प्रधानमंत्री से पूछा जाए कि देश की 60 प्रतिशत आबादी 40 साल से कम उम्र की है तो उन्होंने (मोदी ने) उनके रोजगार के लिए क्या उपाय किए हैं और उन्हें कौन से कौशल सिखाए हैं?" उन्होंने कहा, "बीस साल बाद, यह युवा आबादी बूढ़ी हो जाएगी। महंगाई कितनी बढ़ेगी और उन्हें कितना खर्च करना पड़ेगा, इस बारे में हम सोचते ही नहीं। इसके बजाय, वे कहते हैं कि मुसलमानों की आबादी बढ़ रही है... मुस्लिम आबादी स्थिर हो जाएगी। भारत में मुसलमानों की आबादी कभी भी हिंदुओं की आबादी से अधिक नहीं होगी।" ओवैसी ने कहा, "अब उन्हें समझ आ रहा है कि 25-30 साल बाद, देश की आबादी बूढ़ी हो जाएगी।"

## एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स गठन सराहनीय फैसला तो है

वैसे तो अवैध शराब,गांजा सहित सूखा नशा कई राज्यों के लिए बड़ी चुनौती है लेकिन कई राज्यों से घिरे होने के कारण छत्तीसगढ़ के लिए यह एक जटिल चुनौती है। पुलिस इनकी तस्करी रोकने अपने स्तर पर प्रयास करती है लेकिन वह सफल नहीं हो पाती है, जितनी नशे का सामान वह पकड़ती है, जब्त करती है,उससे कई गुना नशे का सामान राज्य से होकर दूसरे राज्य चला जाता है और कई राज्यों से नशे का सामान छत्तीसगढ़ भी पहुंच जाता है। नशे के सामान की अवैध बिक्री रोकने के लिए आबकारी व पुलिस वाले तो हैं लेकिन वह पूरी तरह नहीं रोक पाते हैं क्योंकि पुलिस व आबकारी विभाग भ्रष्टाचार से मुक्त नहीं है।वहां ऊपर से नीचे तक व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण प्रदेश को नशामुक्त करने की योजना तो बनाई जाती रही है लेकिन योजना सफल नहीं होती है तो इसीलिए पुलिस व आबकारी में बहती गंगा में हाथ धोने का मोह से बहुत कम लोग बचे पाते हैं। कोई विभाग जितना पुराना होता है, उसके कर्मचारी जितने पुराने हो जाते हैं, समय के साथ वह बहती गंगा में हाथ धोने को बुरा नही मानते हैं. होता यह है कि ईमानदार आदमी भी ऐसे में ज्यादा दिन ईमानदार नहीं रह पाता है, उसे ईमानदार रहने नहीं दिया जाता है या वह खुद ही औरों जैसा हो जाना ठीक समझने लगता है।इससे तस्करों व विभाग के लोगों के बीच बरसों का एक संबंध बन जाता है तो इसी संबंध के चलते नशे के हर तरह के अवैध धंधे को रोक पाना संभव नहीं रहता है।कार्रवाई के नाम पर कभी कभी अभियान चला दिया जाता है, कुछ लोगों को गिरफ्तार कर दिखा दिया जाता है कि देखों हम तो नशे के धंधे को समाप्त करने के लिए क्या कुछ नहीं कर रहे हैं। आंकड़ो के आधार पर देखा जाए तो पांच साल में पांच हजार लोगों पर कार्रवाई की गई है।रायपुर में वर्ष २५ के दौरान नशा तस्करी के ५५० से अधिक आरोपियों को जेल भेजा गया है।अगस्त २५ में रायपुर पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडीकेट का भंडाफोड़ किया था और एक करोड़ रुपए से अधिक की हेरोइन जब्त की थी। छत्तीसगढ़ की भौगोलिक बनावट ऐसी है कि यह नशे का सामान की तस्करी करने वालों के वरदान जैसी है।छत्तीसगढ़ से ओडिशा, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, यूपी, मप्र, झारखंड और महाराष्ट्र की सीमा लगती है।इसी वजह से छत्तीसगढ़ होकर नशे का बहुत सारा सामान जाता है और यहां भी बड़ी मात्रा में खपाने का प्रयास किया जाता है।माना जाता है कि ओडिशा के मलकानगिरी व कोरापुट से गांजा व हशीश छत्तीसगढ़ से ही होकर जाता है। जशपुर के रास्ते ब्राउन शुगर की सप्लाई होती है। जो पंजाब से लाई जाती है।मप्र यूपी सीमा से डोडा वअफीम की तस्करी होती है।राज्य में कई जगह एमडीएमए व हशीश आयल की तस्करी से संकेत मिल रहे हैं कि यहां नशे के नए सामान भी खपाने का प्रयास हो रहा है। पिछली सरकारों ने परंपरागत रूप से नशे के सामान की तस्करी रोकने के लिए जो महकमा था उसके जरिए ही इसे रोकने का प्रयास किया। ऐसे प्रयासों से लगता जरूर है कि सरकार नशे का धंधा करने वालों के खिलाफ कुछ कर रही है लेकिन इससे नशे का धंधा कभी खत्म नहीं होता है।नशे का धंधा करने वालों को मालूम है कि छत्तीसगढ़ में नशे का धंधा कैसे किया जा सकता है।पुलिस व आबकारी वालों को भी मालूम है कि इस धंधे के बंद हो जाने से उनको कोई फायदा नहीं है इसलिए वह भी वही करते हैं जिससे उनको फायदा होता है। छत्तीसगढ़ में साय सरकार नशे की तस्करी रोकने कुछ नया करने का प्रयास कर रही है। साय सरकार ने प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी और नशे के जाल को पूरी तरह समाप्त के लिए निर्णायक कदम उठाने का सराहनीय फैसला किया है।उसने राज्य को नशामुक्त बनाने के लिए फैसला किया है कि रायपुर,बिलासपुर व दुर्ग सहित दस संवेदनशील जिलों में एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। यह काम तो पहले हो जाना था क्योंकि राज्य में हुए डीजी आईजी कान्फ्रेंस के दौरान पीएम मोदी व गृहमंत्री अमित शाह ने ड्रग आतंकवाद से निपटने समन्वित रणनीति पर जोर दिया था।अमित शाह ने तो कहा था नशे के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई तो हो साथ ही उनकी अवैध संपत्ति भी जब्त करने का काम तेजी से किया जाए। ऐसा राज्य में कम ही किया जा रहा है। पहले की तुलना मे गांजा तस्करों की सजा तो सुनाई जा रही है लेकिन माना जा रहा है कि जेल भेजे गए तस्करों की संपत्ति जब्त करने में कोताही की जा रही है।प्रदेश को साय सरकार को नशामुक्त करना है तो अमित शाह ने जैसा कहा है वैसा करना होगा। यानी तस्कर पकडे जाएं, सजा हो और उनकी अवैध संपत्ति जब्त भी की जाए।

**बदलाव**

# सीपीआई के आधार वर्ष में बदलाव क्या बदला है और यह क्यों जरूरी है

**सौरभ गर्ग**

महंगाई देश के सबसे अहम आर्थिक संकेतकों में से एक है, जिसे आम लोग रोज़मर्रा की ज़िंदगी में सीधे महसूस करते हैं, जैसे घर का राशन, किराया और पेट्रोल-डीज़ल के खर्च में बढ़ोतरी से।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) इसी महंगाई को मापता है। यह उन चीज़ों और सेवाओं के दाम देखता है, जिनका इस्तेमाल आम परिवार रोज़ करता है। सरल शब्दों में, सीपीआई आम आदमी की ज़िंदगी का आईना है। यह बताता है कि थाली में खाने का खर्च कितना बढ़ा, घर का किराया कितना हुआ, और काम पर जाने के लिए ईंधन कितना महंगा हुआ।



सीपीआई भले ही एक आंकड़ा लगता हो, लेकिन यह सरकार को यह समझने में मदद करता है कि लोगों पर महंगाई का असली असर क्या है। इसी आधार पर वेतन, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े फैसले किए जाते हैं, ताकि ज़रूरी चीज़ें आम लोगों की पहुंच में बनी रहें। भारतीय रिज़र्व बैंक भी ब्याज दर और महंगाई को नियंत्रित करने जैसे फैसलों के लिए सीपीआई आधारित महंगाई को ही सबसे मुख्य पैमाना मानता है। इसलिए जब सीपीआई ज़मीन की हकीकत सही तरीके से दिखाता है, तब सरकार और आरबीआई की नीतियाँ भी लोगों की असली परेशानियों के अनुसार बेहतर बन पाती हैं। महंगाई सिर्फ दाम बढ़ने का नाम नहीं है, बल्कि यह भी है कि दामों में बदलाव से घर के बजट पर कितना असर पड़ता है। इसलिए जितना ज़रूरी दामों को मापना है, उतना ही ज़रूरी यह भी है कि महंगाई का सूचकांक लोगों की आज की खर्च करने की आदतों को सही तरीके से दिखाए। इसी संदर्भ में भारत में सीपीआई के आधार वर्ष को 2012 से बदलकर 2024 किया जा रहा है। पिछली बार आधार बदले जाने के बाद देश की अर्थव्यवस्था में बहुत बदलाव आया है। शहरों की आबादी बढ़ी है, सेवाओं का क्षेत्र बढ़ा है, डिजिटल प्लेटफॉर्म के कारण खरीदारी का तरीका बदला है और घरों का खर्च अब कई नई चीजों पर होने लगा है। इसीलिए नया सीपीआई 2024 तैयार करने में 2023-24 के घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया है। समय के साथ लोगों की ज़रूरतें और खर्च बदलते हैं, इसलिए सीपीआई में अलग-अलग वस्तुओं और सेवाओं को दी जाने वाली अहमियत भी बदली गई है। जिन चीजों पर अब परिवार ज़्यादा खर्च करते हैं, उन्हें सीपीआई में ज़्यादा महत्व दिया गया है, और जिन पर खर्च कम हो गया है, उन्हें कम महत्व दिया गया है।

इससे सीपीआई वही महंगाई दिखाता है, जो सच में आम परिवार के बजट को प्रभावित करती है। साथ ही, उपभोग की टोकरी (कंजम्पशन बास्केट) को भी बदला गया है, ताकि सेवाओं पर बढ़ते खर्च जैसे नए रुझान दिखाई दे सकें, जो बढ़ती आय और बदलती जीवनशैली की वजह से बढ़ रहे हैं। सीपीआई को मापने का तरीका अपडेट करना भी उतना ही ज़रूरी है, जितना यह तय करना कि उसमें क्या-क्या शामिल किया जाए। नया संशोधित सीपीआई अब अंतरराष्ट्रीय मानकों के ज्यादा करीब है, लेकिन इसमें भारत से जुड़ी खास बातें भी बनी हुई हैं। इससे भारत की महंगाई की तुलना दूसरे देशों से करना आसान हो जाता है। आम परिवार के लिए इसका मतलब यह है कि सरकार और नीति बनाने वाले लोग यह बेहतर समझ पाते हैं कि भारत में दामों में होने वाला बदलाव दुनिया के हालात से कैसे जुड़ा है, और साथ ही यह भी ध्यान रहता है कि रोज़मर्रा की ज़िंदगी पर क्या असर पड़ रहा है। सीपीआई के लिए आंकड़े जुटाने का तरीका भी अब लोगों की बदलती खरीदारी और खर्च की आदतों के अनुसार बेहतर बनाया गया है। जहां पहले की तरह बाजारों से दाम इकट्ठा किए जाते रहेंगे, खासकर खाने-पीने और ज़रूरी चीज़ों के, वहीं 2024 के नए ढांचे में अब कुछ सेवाओं के ऑनलाइन दाम भी शामिल किए जा रहे हैं। जैसे मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं, हवाई टिकट और कुछ अन्य सेवाओं के दाम अब ऑनलाइन स्रोतों से भी लिए जाएंगे।

नई सीपीआई श्रृंखला में अब कंप्यूटर की मदद से दाम इकट्ठा किए जा रहे हैं। इससे हाथ से होने वाली गलतियाँ कम हुई हैं और तुरंत जाँच भी हो जाती है। इससे दामों से जुड़े आंकड़ों की गुणवत्ता और समय पर उपलब्धता दोनों बेहतर हुई हैं। सीपीआई के आंकड़े सही और समय पर मिलना बहुत ज़रूरी है, क्योंकि इसी के आधार पर ऐसे फैसले होते हैं, जो सीधे आम आदमी की ज़िंदगी को प्रभावित करते हैं, जैसे कर्ज कितना महंगा होगा, बचत पर कितना ब्याज मिलेगा, और बढ़ती महंगाई से घर का बजट कैसे प्रभावित होगा। नए आधार वर्ष की सीपीआई में अब कई मामलों में सरकारी स्रोतों से मिलने वाले आधिकारिक आंकड़ों का ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है। जैसे रेल किराया, डाक शुल्क, ईंधन के दाम और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत बिकने वाली चीजें। इससे इन दामों को पहले से ज्यादा सही तरीके से दर्ज किया जा रहा है और बाजार सर्वे में होने वाली गलती या पक्षपात की संभावना भी कम हो जाती है।

अब सर्वे के आंकड़े, सरकारी रिकॉर्ड और डिजिटल माध्यमों से मिलने वाले दाम, तीनों को मिलाकर सीपीआई तैयार की जा रही है। यह पुरानी व्यवस्था की तुलना में बड़ा सुधार है और इससे दामों में होने वाले बदलाव की ज्यादा भरोसेमंद तस्वीर मिलती है। इतने बड़े स्तर पर सीपीआई के आधार वर्ष में बदलाव करना एक बहुत बड़ा संस्थागत प्रयास होता है। इसमें देश भर के फील्ड दफ्तरों, सांख्यिकी विभागों और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ संस्थाओं के बीच तालमेल जरूरी होता है। इस पूरी प्रक्रिया में मेथडोलॉजी की गहराई से जाँच की जाती है, अलग-अलग विकल्पों को परखा जाता है और अर्थशास्त्रियों व विषय-विशेषज्ञों से सलाह ली जाती है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने विशेषज्ञ समूहों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और अन्य संबंधित पक्षों से बातचीत की है, ताकि किए गए बदलाव साफ, समझने में आसान और वैज्ञानिक रूप से सही हों। टोकरी, वेटेज और आंकड़ों के स्रोत बदलने के बाद भी सीपीआई का मूल उद्देश्य वही रहता है-यानी एक परिवार की नज़र से दामों में होने वाले बदलाव को दिखाना। यह निरंतरता इसलिए ज़रूरी है, ताकि हम समय के साथ महंगाई की तुलना कर सकें।

सीधे शब्दों में, सीपीआई को बेहतर बनाया जा रहा है, लेकिन उसे रोज़मर्रा की ज़िंदगी से जोड़कर ही रखा गया है, ताकि वह नीति बनाने वालों के लिए एक भरोसेमंद मार्गदर्शक बना रहे।सीपीआई हमें यह याद दिलाता है कि हर आंकड़े के पीछे करोड़ों लोगों की असली ज़िंदगी छिपी होती है। आखिरकार, आंकड़े लोगों के लिए ही होते हैं। यह चुपचाप यह दिखाता है कि दामों में बदलाव हमारी रोज़मर्रा की ज़िंदगी को कैसे प्रभावित करता है और सरकार की नीतियों को दिशा देता है। आधार वर्ष में चल रहे संशोधन के ज़रिये सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने यह सुनिश्चित किया है कि सीपीआई सही, समय के अनुसार अपडेट और लंबे समय तक एक-जैसे तरीके से मापा गया रहे। ताकि सीपीआई सिर्फ एक संख्या न होकर, पूरे देश के लोगों की असली ज़िंदगी की सच्चाई दिखाने वाला आईना बना रहे।

**(लेखक सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव हैं, यह उनके निजी विचार हैं)**

## राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज कुछ मुश्किलें रहेंगी, लेकिन आप सकारात्मक सोच रख कर उनका हल निकाल लेंगे। घर में व्यवस्था बनाए रखने तथा रखरखाव संबंधी कार्यों में व्यस्तता रहेगी। किसी नजदीकी व्यक्ति की समस्या में उसका सहयोग करने से खुशी मिलेगी। लवमेट के लिए आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम से इम्प्रेस होकर आपकी तारीफ़ करेंगे। आपको अच्छा गिफ्ट भी मिल सकता है। अपने हौसले और आत्मविश्वास में कमी ना आने दें।

वृष राशिः आज आपका दिन लाभदायक रहगा। अपनी काबिलियत के दम पर अच्छे लोगों के साथ रिश्ते को मज़बूत बनायेंगे। किसी भी कार्य में दूसरों की मदद से अपेक्षा न करें तथा अपनी योग्यता पर ही विश्वास रखें, आपको निश्चित फायदा होगा । वित्तीय मामलों को लेकर लिया गया निर्णय फायदेमंद साबित होगा। आज आपके रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। परिवार में आपसी सामंजस्य द्वारा आपकी किसी समस्या का हल निकल सकता है। आज अपने मन में नकारात्मक बातों को न आने दें, धैर्य बनाएं रखें सब अच्छा होगा।

मिथुन राशिः आज आपका दिन एक नई उमंग लेकर आयेगा। इस राशि की महिलाएं अपने मान-सम्मान को लेकर विशेष रूप से सजग रहेगी तथा दूसरों की बातों में न आकर अपने निर्णय को ही प्राथमिकता देगी। आपके काम को लेकर आपके परिवार वाले तारीफ करेंगेआपका मन प्रसन्न रहेगा। आपको अपने मेहनत का फल जरूर मिलेगा। अपनी समझदारी से आप फालतू के खर्चों से बच सकते हैं। सेविंग की आदत को अपनाये। आज आपके दाम्पत्य रिश्ते में मधुरता आयेगी। बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा, लेकिन व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा में आपको कड़ी मेहनत की जरूरत है। सकारात्मक सोच सफलता दिलाएगी। आज का दिन रहेगा खास।

कर्क राशिः आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। कारोबारी गतिविधियों में समय अनुसार बदलाव की जरूरत है। इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान खरीदने का विचार बना रहे, लोगों के लिए आज अच्छा समय है। परिवारजनों के साथ सुखद समय व्यतीत होगा। आज मनोरंजन का प्रोग्राम बनेगा। आज आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आप स्वयं को ऊर्जा से भरा महसूस करेंगे । आपको आज शुभ सन्देश मिलेगा, जिससे आपका दिन खुशनुमा बना रहेगा। सरकारी जॉब कर रहे कर्मचारियों का ट्रान्सफर उनकी मनपसन्द जगह पर होगी। ओवर टाइम कर रहे कर्मचारियों की इनकम में आज इजाफा होगा।

सिंह राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। किसी काम में उनकी मदद भी मिलेगी। आप कुछ नये विचारों पर काम करेंगे ये विचार आपको अधिक मुनाफा देंगे। आप अपने स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखेंगे। अपने लक्ष्य पर फोकस करेंगे तो जल्दी ही आपको सुखद परिणाम मिलेंगे । कठिन से कठिन कार्य को आप अपने दृढ़ निश्चय से पूरी करने की क्षमता रखेंगे। आलस की वजह से किसी भी काम को टालने का प्रयास न करें। आज दुविधा की स्थिति में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना उचित रहेगा । कुल मिलाकर आज आपका दिन ठीकठाक रहेगा। बड़े बुजुर्गो की मदद करे और उनकी देखभाल करते रहे।

कन्या राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। जॉब के लिए आपको किसी अधिकारी का पूरा सहयोग मिलेगा। तरक्की के नए रास्तें खुलेंगे। ऑफिस में सब आपके काम की तारीफ करेंगे, बॉस आपको शाबाशी देंगे। राजनीति में आपको कुछ नया अनुभव मिलेगा। आज आप किसी धार्मिक फंक्शन में जा सकते हैं। जहां दोस्तों से मुलाकात होगी। परिवार में सुख शांति बनी रहेगी। आज उलझनों को खुद से दूर रखें, इससे आप बेहतर तरीके से फैसला ले पाएंगे। कुछ समय से जिन कार्यों में समस्याएं आ रही थी। आज वह किसी के सहयोग से आसानी से हल हो सकती हैं । समाज में आपका मान-सम्मान बना रहेगा।

तुला राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज अनावश्यक खर्चों पर कटौती करने से आपकी आर्थिक समस्या काफी हद तक सुलझ सकती है। आप अपनी महत्वपूर्ण वस्तुएं संभाल कर रखें। कारोबारी गतिविधियां व्यवस्थित रहेगी, लेकिन लेनदेन संबंधी मामलों को सावधानी रखें। स्टूडेंट्स का दिन आज बिजी रहेगा अपने काम को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आप आपको फिजूल की बहस से बचने की जरुरत है। जीवनसाथी के साथ बातचीत में थोड़ा नरमी बरतें जिससे आपके रिश्ते अच्छे बने रहेंगे। आप जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृश्चिक राशिः आज का दिन बेहतर रहेगा। आप अपने विनम्र व्यवहार से सबका दिल जीतेंगे । किसी भी चुनौती का आप सूझबूझ से समाधान निकाल लेंगे। व्यस्तता के बावजूद आप अपने व्यक्तिगत कार्यों को भी सहज तरीके से निपटा लेंगे। आज लाभ के मौके मिलने पर ज्यादा सोच-विचार करने के बजाय तुरंत उसे हासिल करें। खर्चों के साथ-साथ अपनी आर्थिक स्थिति का भी ध्यान रखना जरूरी है। किसी से चल रही अनबन आज खत्म होगी। पैसों का लाभ उठाने के लिए नये साधनों की खोज करेंगे। अपने बिजनेस के कारण आज आप किसी दूसरे स्टेट की यात्रा पर जायेंगे। नया गजेट्स लेने का विचार अपने भाई से करेंगे।

धनु राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। प्रियजनों से मिलना आपके लिए खुशी का माहौल बनाएगा। आपको आपकी मनपसन्द वस्तु मिलेगी, जिससे आप बहुत ही अधिक प्रसन्न होंगे। आज पिछले कुछ समय से चल रही समस्या का समाधान मिलेगा और आप अपने अन्य कामों पर भी ध्यान दे पाएंगे। परिवारजनों के साथ घर के रखरखाव संबंधी योजनाएं बनेंगी । युवा वर्ग अपने भविष्य से संबंधित किसी कार्य को लेकर उत्साहित रहेंगे। आज आपको किसी प्रशासनिक अधिकारी का सहयोग मिलेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी जिससे आपका मन बहुत ही खुश होगा। किसी व्यक्ति से लिया गया लोन आप आज चुकता कर देंगे जिससे आपकी आज उलझन कम होगी।

मकर राशिः मकर राशि वालों आज का दिन घूमने फिरने में बितेगा। आज अफवाहों पर ध्यान न देकर अपने कामों पर फोकस करें। आने वाले दिनों में आपको मेहनत के मुताबिक सफलता मिलेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहेगा। आज समस्याओं से घबराने के बजाय सॉल्यूशन खोजने की कोशिश करेंगे। परिवारवालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं दूर ट्रिप का प्लान बन सकता हैं। परिवार के सभी सदस्यों को प्रसन्नता होगी। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है।

कुम्भ राशिः आज आपका दिन बेहद खुशनुमा रहेगा। आज अत्यधिक व्यस्तता के बावजूद आप परिवार और व्यवसाय में उचित सामंजस्य बनाकर रखेंगे। अपना उत्साह बनाए रखें क्योंकि लापरवाही की वजह से कई मौका हाथ से निकल जायेंगे। कारोबार में नई गतिविधियों पर काम करने के लिए दिन अच्छा है, लेकिन अच्छे नतीजे के लिए धैर्य रखना होगा। आज शाम को पार्क घूमने जायेंगे, जिससे आपका मन तरोताजा रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। पहले दिए किसी प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा।

मीन राशिः आज आपका दिन सुनहरा रहेगा। वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन मिलने की वजह से कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में आपको आसानी होगी। भावनाओं में बहकर आप अपनी महत्वपूर्ण बात किसी के साथ शेयर न करें। कुछ समय बच्चों की परेशानियों को सुलझाने के लिए भी अवश्य निकालें। इससे उनका मनोबल बढ़ेगा। नया घर खरीदने का विचार बना रहे लोग आज डील फाइनल कर लेंगे। आपके परिश्रम से आपके कारोबार में बढ़ोतरी होगी।

### सू- दोकू क्र.309

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 308 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

### शब्द सामर्थ्य -309

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्‌भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 308 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

**शिक्षा-दीक्षा**

# क्या विद्यालयों को बंद करने से भारत बनेगा विश्व गुरु ?

**निर्मल रानी**

पिछले दिनों एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी शासित राज्य मध्य प्रदेश से एक निर्माणाधीन निजी स्कूल की इमारत को बुल्डोज़र से ढहा दिये जाने का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ। प्राप्त ख़बरों के अनुसार मध्य प्रदेश के बैतूल ज़िले के धाबा गांव के रहने वाले अब्दुल नईम इसी गांव में अपनी निजी ज़मीन पर एक निजी स्कूल बनवा रहे थे। परन्तु चूँकि निर्माणाधीन स्कूल संचालक का नाम 'अब्दुल नईम' था इसलिये प्रशासन ने उस भवन को स्कूल के बजाये मदरसा बताकर ढहा दिया। बताया जा रहा है कि जिस समय बुलडोज़र उस निर्माणाधीन स्कूल भवन को ध्वस्त कर रहा था उस समय ग्रामीण, प्रशासन से उसे न तोड़े जाने की गुहार लगा रहे थे। ख़ुद स्थानीय सरपंच हाथ जोड़कर प्रशासन से बुलडोज़र चलाने से मना करती रहीं परन्तु एसडीएम के आदेश पर बुलडोज़र चला दिया गया। ग्रामीणों में पहली बार यह आस बंधी थी कि यह स्कूल खुलने के बाद उनके बच्चे अब गांव में ही पढ़ पाएंगे परन्तु वे लोग मलबे के सामने खड़े होकर सवाल पूछते नज़र आये । उस पर ढिटाई यह कि ज़िला प्रशासन ने यह आरोप मढ़ दिया कि पंचायत ने ही स्कूल की निर्माणाधीन इमारत पर बुल्डोज़र चलवाया है जबकि सरपंच और उप सरपंच इस से साफ़ इनकार कर रहे हैं। ग़ौरतलब है कि लगभग दो हज़ार की आबादी वाला धाबा गांव आदिवासी बाहुल्य गांव है और इस गांव में केवल तीन ही मुस्लिम परिवार रहते हैं। अच्छे स्कूल के अभाव में ही इस गांव के कई परिवार बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए गांव से 10-15 किलोमीटर दूर तक प्राइवेट स्कूल में पढ़ने के लिए भेजते हैं। इसी उद्देश्य से अब्दुल नईम ने स्कूल बनाने के लिए न केवल अपनी पूरी जमा-पूंजी लगा दी बल्कि लाखों रूपये लोगों से उधार भी लेकर अपने सपनों के इस स्कूल में लगा दिये थे। बड़ी अजीब बात है कि वर्तमान सरकार से ही जुड़े नेता मंत्री व समर्थक भारत को 'विश्व गुरु' बनाने का ढिंढोरा पीटते रहते हैं। तो क्या विश्व गुरु भारत का अर्थ शिक्षित भारत नहीं ? और यदि शिक्षित भारत का सपना साकार करना है तो शिक्षण संस्थाओं से दुश्मनी कैसी ? परन्तु दुर्भाग्य तो यही है कि विश्व गुरु बनने का जितनी ज़ोर ज़ोर ढिंढोरा पीटा जा रहा है उतनी ही तेज़ी से इसी सरकार के दौर में स्कूल भी बंद किये जा रहे हैं। केवल 2019 से 2024 तक अनुमानतः लगभग 14,910 सरकारी स्कूल या तो बंद कर दिये गये या दूसरे स्कूल्स में समाहित कर दिये गये। कुल मिलाकर अब तक 89,441 सरकारी स्कूल बंद होने का उल्लेख है। इस दौरान निजी स्कूलों में वृद्धि हुई है जबकि सरकारी स्कूलों में कमी आई है। सबसे ज़्यादा स्कूल मध्य प्रदेश, ओडिशा, व जम्मू-कश्मीर राज्यों में बंद किये जाने की ख़बर है। जबकि गुजरात, पश्चिम बंगाल,महाराष्ट्र,पंजाब, राजस्थान के अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों सांबा, कठुआ, राजौरी, पूंछ, बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर में भी काफ़ी संख्या में स्कूल बंद किये गये। स्कूल बंद करने के जो कारण बताये गये उनमें कहीं आधारभूत संरचना की कमी बताई गयी तो कहीं शिक्षकों की भारी कमी बताकर स्कूल बंद किये गए। कहीं कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को बड़े स्कूलों में समाहित कर दिया गया। इसी तरह कुछ राज्यों में नये निजी स्कूलों की वृद्धि के चलते सरकारी स्कूलों पर दबाव बढ़ा और उन्हें बंद करना पड़ा। ज़ाहिर है इससे ग़रीब व निम्न वर्ग के बच्चों की शिक्षा में बाधा पड़ना स्वभाविक है। इसी तरह सरकार की सबसे ज़्यादा गाज मदरसों पर गिरी। देश के सैकड़ों मदरसों को या तो अवैध बताकर ढहा दिया गया या उन्हें बंद करवा दिया गया। भाजपा शासित असम,उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड बिहार,मध्य प्रदेश,व छत्तीसगढ़ राज्यों में अनेक मदरसे बंद किये गये। निःसंदेह यह क़दम ख़ासकर ग़रीब मुस्लिम अल्पसंख्यकों की शिक्षा के साथ भेदभाव के सिवा और कुछ नहीं क्योंकि 90% से ज़्यादा मदरसा छात्र ग़रीब पृष्ठभूमि से आते हैं।

जहाँ तक मदरसे में मिलने वाली शिक्षा का सवाल है तो इस्लाम धर्म व मुस्लिम समाज से नफ़रत करने वालों ने भारतीय मदरसों को साम्प्रदायिक शिक्षा के केंद्र के रूप में क्यों न दुष्प्रचारित किया हो परन्तु यदि आप मदरसों से शिक्षा प्राप्त महापुरुषों व विशिष्ट जनों पर नज़र डालें तो मदरसों के साम्प्रदायिक होने की गढ़ित धारणा स्वयं ही समाप्त हो जायेगी और यह महज़ एक प्रोपेगंडा प्रतीत होगा। मिसाल के तौर पर सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी ने मदरसा में ही शिक्षा हासिल कर फ़ारसी भाषा सीखी। इसी तरह सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी ने भी मदरसे से ही शिक्षा हासिल कर फ़ारसी का ज्ञान प्राप्त किया। तभी वे फ़ारसी में इतना निपुण थे कि उन्होंने अपनी मशहूर रचना 'ज़फ़र नामा' फ़ारसी में लिखी। सिख साम्राज्य के संस्थापक महाराजा रणजीत सिंह की तो दरबारी भाषा ही फ़ारसी थी जो कि मदरसा शिक्षा से जुड़ी थी। मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी महाराज भी फ़ारसी भाषा में निपुण थे। उन्होंने फ़ारसी-संस्कृत शब्दकोश का संकलन करवाया। शिवाजी महाराज के दौर में फ़ारसी शिक्षा मदरसे से ही जुड़ी होती थी। इसी तरह हिन्दू सुधारक और ब्रह्म समाज के संस्थापक राजा राम मोहन राय ने भी बंगाल के मदरसा आलिया और पटना के मदरसा मुजीबिया में पढ़ाई की। उन्होंने फ़ारसी और अरबी सीखी और एक फ़ारसी अख़बार का संपादन भी किया। भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने भी ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा की कमी के कारण मदरसा में पढ़ाई की। भारतीय साहित्य की प्रमुख हस्ती प्रसिद्ध लेखक व कहानीकार मुंशी प्रेमचंद ने वाराणसी के एक ऐसे मदरसे में पढ़ाई की, जहां ग़ैर-मुस्लिम छात्र भी बड़ी संख्या में पढ़ते थे। और मुस्लिम समाज की जो विशिष्ट हस्तियां मदरसा से शिक्षा प्राप्त हैं उनमें भारत के पहले शिक्षा मंत्री और स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आज़ाद, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संस्थापक सर सैयद अहमद ख़ान, 'इंक़लाब ज़िंदाबाद' का नारा देने वाले प्रसिद्ध उर्दू कवि और स्वतंत्रता सेनानी हसरत मोहानी, स्वतंत्रता सेनानी व 'सिल्क लेटर मूवमेंट' के नेता मौलाना महमूद हसन देवबंदी जैसे अनेक लोगों के नाम शामिल हैं। आज भी बंगाल,झारखण्ड व बिहार जैसे कई राज्यों में केवल मुस्लिम नहीं बल्कि बड़ी संख्या में ग़ैर मुस्लिम ग़रीब बच्चे मदरसों में शिक्षा हासिल करते हैं। परन्तु सरकार क्या मदरसा तो क्या अन्य सरकारी स्कूल सभी को किसी न किसी बहाने बंद करने पर तुली है। सवाल यह है कि क्या मदरसे या विद्यालयों को बंद करने से भारत विश्व गुरु बन सकेगा ?



# जिला-सरपंच संघ ने दतेवाड़ा कलेक्टर को 8 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दन्तेवाड़ा, 7 फरवरी।** बुधवार को सरपंच संघ दंतेवाड़ा द्वारा अपनी 08 सूत्रीय मांगों को लेकर दन्तेवाड़ा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है जिसमें सरपंच संघ जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र भास्कर ने कहा की ग्राम के समस्या को लेकर पूर्व कलेक्टर कुणाल दुदावद से कई बार मिले लेकिन केवल आश्वासन ही मिला साल भर से फंड नहीं होने व दंतेवाड़ा जिला विकास डी एम एफ की राशि को मेडिकल कॉलेज में खर्च करने की बात कही जा रही थी । सरपंच संघ जिला प्रशासन से पूछ रहा है की मेडिकल कॉलेज दंतेवाड़ा के साथ तीन अन्य जिलों में भी बना वो भी केंद्र एवं राज्य सरकार की मदद से लेकिन दंतेवाड़ा के साथ सौतेला व्यवहार क्यों मेडिकल कॉलेज निर्माण की वज़ह से फंड नहीं होने का हवाला सी ई ओ जिला पंचायत जयंत नाहटा ने भी थी यही बात कही सरपंच संघ पूछता है की केंद्रीय एवं राज्य की राशि कहां खर्च की गई इसका जवाब प्रशासन को देना चाहिए । सरपंचों ने निम्न बिंदुओं पर अपना ज्ञापन सौंपा है जिसमे जिले के सभी 169 ग्राम पंचायतों को 20 से 30 लाख तक निर्माण कार्य अविलंब प्रदाय किया जाए , जिले में मेडिकल कॉलेज की घोषणा 2021-2022 में हुई थी लेकिन मेडिकल कॉलेज निर्माण की केंद्र एवं राज्य सरकार की राशि कहां खर्च की गई इसकी जानकारी साझा की जाए, सभी पहुंचविहीन वार्डो में मिट्टी मुरूम सड़क का निर्माण की स्वीकृति प्रदाय किया जाए, किसानों को तार फेन्सिग व बोर खनन में अंश राशि अधिकतम 10त्ररखी जाए , प्रत्येक ग्राम पंचायत में सिंचाई व जल संरक्षण सर्वे कर बड़े जालशय डबरी व तालाब स्वीकृति की जाए, जिले के सभी पुराने डेमो व तालाबों को का तत्काल जीर्णोद्धार किया जाए, ग्राम पंचायत को देय मुलभूत राशि पूर्ण एवं बिना कटौती के दी जाएं, सरपंचों का मानदेय 20,000 तथा वार्ड पंचों का मानदेय 5000 प्रति माह किया जाए। उपरोक्त मांगों को प्रशासन जल्द निर्णय नहीं लेते हैं तो सरपंच संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रतिनिधि मंडल में दंतेवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष जोगा मरकाम , गीदम ब्लॉक उपाध्यक्ष श्रीमती मालती इस्ताम, वरिष्ठ सरपंच वरिष्ठ घासीराम कश्यप, श्रीमती प्रमिला सुराना, श्रीमती संध्या शुक्ला, नंदू होड़ी, सीमा कोवासी, शैलेश अटामी , करण तामों , मोहन वेक, श्रीमती सावित्री कश्यप सहित सभी ग्राम के सरपंच मौजूद रहे।

## एक नजर

### अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, दो नाबालिगों की मौत, चार घायल

**कांकेर, 7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर थाना क्षेत्र अंर्तगत नेशनल हाईवे-30 पर गोविंदपुर स्थित रामदेव टाइल्स के सामने हुए भीषण सड़क हादसे में दो नाबालिगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए हैं। हादसा जन्मदिन मनाने निकले दोस्तों के समूह के साथ हुआ है। कांकेर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वेदांत का जन्मदिन था। आज शुक्रवार सुबह 6 नालाबिग दोस्त कार से माकड़ी होटल पंजाबी ढाबा में जन्मदिन मनाने के लिए जा रहे थे। इस दौरान नेशनल हाईवे-30 पर गोविंदपुर स्थित रामदेव टाइल्स के सामने कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन में सवार सभी बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए । हादसे के बाद घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान युवराज और वेदांत ने दम तोड़ दिया, जबकि अन्य चार घायलों का उपचार कांकेर जिला अस्पताल में जारी है। मौके पर पंहुची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाकर परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### बस्तर संभाग में ई-ऑफिस का विशेष प्रशिक्षण अभियान 9 फरवरी से

**जगदलपुर,7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता और त्वरित सेवा सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। बस्तर संभाग के सभी जिलों में सरकारी कार्यप्रणाली को ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से हाईटेक और पेपरलेस बनाने के लिए 9 फरवरी से विशेष प्रशिक्षण अभियान शुरू किया जा रहा है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार बस्तर संभाग के कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर जिलों में 9 फरवरी से 17 फरवरी तक सघन प्रशिक्षण सत्र आयोजित होंगे।

### क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मिलेगी खेलवृत्ति

**धमतरी, 7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के उभरते एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रतिभा खोज कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस योजना के तहत खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को खेलवृत्ति प्रदान किए जाने का प्रावधान है संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रतिभा खोज कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने वाले खिलाडय़िों को खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी।

# मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत चोकावाड़ा से निकाली गई 5 कि.मी.की मनरेगा बचाओ पदयात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर,7 फरवरी।** आज बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर नगरनार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में नगरनार ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत मनरेगा बचाओ पदयात्रा के इस जनआंदोलन का शुभारंभ चोकावड़ा से शुरू किया गया.मनरेगा बचाओ संग्राम की यह पदयात्रा कुल 5 किलोमीटर रही जिसका समापन नगरनार बाजार में किया गया।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा भाजपा सरकार की मंशा साफ है कि यह सरकार मजदूर विरोधी है किसान विरोधी है अब मनरेगा योजना में अकुशल श्रमिकों को रोजगार की कोई गारंटी नहीं होगी। भाजपा सरकार ने मनरेगा का नाम विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार करके राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को अपमानित करने का कार्य किया है।इस योजना में किए गए बदलाव के पीछे योजना की कानूनी गारंटी और महत्व को कमजोर करना है मोदी सरकार द्वारा मनरेगा को खत्म करना सिर्फ एक योजना को खत्म करना नहीं, बल्कि गरीब, मजदूर, किसान से उसका संवैधानिक हक छीनने का सुनियोजित षड्यंत्र है।महात्मा गांधी का नाम मनरेगा योजना से हटाना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,यह भाजपा सरकार की ओछी राजनीति का प्रत्यक्ष परिचायक है।कांग्रेस पार्टी इसका लगातार पुरजोर विरोध आगे भी करती रहेगी।नगरनार ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया ने कहा भाजपा सरकार सिर्फ बदले की भावना से काम कर रही है।और नाम बदलकर अपनी विचारधारा को थोप रही है महात्मा गांधी का नाम योजना से हटाने को लेकर केंद्र सरकार पर %ओछी मानसिकता% का प्रत्यक्ष परिचय दिया है।मोदी सरकार द्वारा मनरेगा को खत्म करना सिर्फ एक योजना को खत्म करना नहीं, बल्कि गरीब, मजदूर, किसान से उसका संवैधानिक हक छीनने का सुनियोजित षड्यंत्र है।इस दौरान वीरेंद्र सहनी, लेखन बघेल,जलंधर नाग, दयाराम कश्यप,बलराम कोकडू,विजय बिसाई, भोजराज नाग,लक्ष्मण सेठिया,सुखराम जादव, कमल कश्यप ,सूकालदार नैग,अगस्टीन सोना ,संजय नाग,मअकुंद नेतम,दमरुधर,गोविंद कश्यप,नरेंद्र सैमुअल, नीतीश शर्मा,सोहन लाल,इन्दु बघेल, खीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# जगदलपुर में विद्युत विभाग की योजनाओं के प्रचार के साथ सम्मानित हुए हितग्राही



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025-26 के अंतर्गत जगदलपुर में विद्युत विभाग द्वारा एक कार्यक्रम श्रृंखला का आयोजन किया गया। 30 जनवरी से 6 फरवरी तक चले इस सप्ताह व्यापी समारोह में क्षेत्रीय स्तर पर व्यापक जन-भागीदारी देखने को मिली । इस आयोजन में क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर के साथ-साथ बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, कांकेर, कोण्डागांव, नारायणपुर, पखांजूर और भानुप्रतापपुर सहित 10 संभागीय कार्यालयों तथा 87 वितरण केन्द्रों ने सक्रिय भूमिका निभाई । युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से 4 विद्यालयों और 2 महाविद्यालयों को भी इस अभियान से जोड़ा गया, जिसमें दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय जगदलपुर और शासकीय गर्ल्स कॉलेज कांकेर प्रमुख रहे। इस दौरान पीएम सूर्यघर योजना के चलित मॉडल के माध्यम से आमजन को सौर ऊर्जा के लाभों के प्रति जागरूक किया गया।महोत्सव का मुख्य आकर्षण कुम्हरावण्ड स्थित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में आज शुक्रवार को आयोजित क्षेत्रीय स्तरीय समारोह रहा । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्युत विभाग के कार्यपालक निदेशक (क्षेत्रीय, जगदलपुर) टीके मेश्राम ने की। समारोह की गरिमा बढ़ाने के लिए विशेष अतिथि के रूप में बस्तर जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल सहित अन्य गणमान्य नागरिक मंचासीन रहे। आयोजन के दौरान विद्युत कंपनी की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम के सबसे महत्वपूर्ण हिस्से में मुख्य अतिथि द्वारा चयनित उपभोक्ताओं को प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। डीएलएफ पीएम सूर्यघर योजना के तहत नरेन्द्र मोतीवाला, हेमंत पोयाम, श्रीमती रश्मि चौहान और चैनुराम कोराम को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में बीपीएल उपभोक्ताओं में विष्णु प्रसाद पाणी, श्रीमती नमिता दास और नंद किशोर, जबकि महिला उपभोक्ता श्रेणी में श्रीमती गीता श्वेता, श्रीमती तामेश्वरी साहू और श्रीमती सुलता दास को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।कृषि उपभोक्ताओं में श्रीमती राखी ठाकुर, सुखराम भतरा और लक्ष्मण सेठिया को, वहीं एनडीएलएफ उपभोक्ता श्रेणी में हुकुम राम वर्मा और मनीष खंडेलवाल जैसे उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया । साथ ही पीएम जन-मन योजना के अंतर्गत श्रीमती संगीता सोरी, श्रीमती सोनारीन बाई और बाल सिंह आदि ने प्रमाण-पत्र प्राप्त किए। कार्यक्रम का समापन अतिथियों द्वारा सोलर प्लांट के निरीक्षण के साथ हुआ, जहां विद्युत कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### उप मुख्यमंत्री शर्मा ने 30 पुनर्वासित युवाओं को बांटे टूलकिट और मोबाइल

**जगदलपुर, 7 फरवरी ।** बस्तर की फिजा में अब बारूद की गंध नहीं, बल्कि विकास और आत्मनिर्भरता की खुशबू महसूस की जा रही है। हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटे युवाओं के लिए आज का दिन एक नई सुबह लेकर आया, जब प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने उन्हें स्वावलंबन की राह दिखाई। फूड एंड बेवरेज का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त बीजापुर जिले के 30 पुनर्वासित युवाओं को आज जिंदगी की शुरुआत के संसाधन प्राप्त हुए।

इस गरिमामय समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने प्रशिक्षण पूरा करने वाले युवाओं को पासिंग आउट सर्टिफिकेट प्रदान किए। साथ ही उन्हें अपना रोजगार शुरू करने के लिए टूलकिट और संपर्क साधन के रूप में मोबाइल फोन वितरित किए। उप मुख्यमंत्री ने इन युवाओं के मुख्यधारा में लौटने के साहस की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उम्मीद जताई कि वे अब समाज निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएंगे।उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पुनर्वासित युवाओं से संवाद कर प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्राप्त की और कहा कि बीजापुर जिला बहुत ही सुन्दर जिला है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा होम स्टे पहल की शुरुआत की गई है।

## समाचार संक्षेप

### स्टर्लिंग किड्स द प्री - स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव



**जगदलपुर, 7 फरवरी।** स्टर्लिंग किड्स द प्री - स्कूल जगदलपुर ने अपना 5 वाँ वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। महिला सशक्तिकरण का संदेश देते हुए नन्हें बच्चों ने विभिन्न प्रकार की शानदार प्रस्तुतियां दी। कृष्ण लीला ने सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर, धरमजी को श्रद्धांजलि आदि की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में नई ऊर्जा का संचार किया।कार्यक्रम में शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने अपना कीमती समय दिया और बच्चों और अभिभावकों का हौसला बढ़ाया। यह कार्यक्रम प्रेरणा और ऊर्जा से परिपूर्ण था।

### राष्ट्रीय पदक विजेताओं को मिलेगी 75 हजार तक की खेलवृत्ति, 16 फरवरी तक करें आवेदन



**जगदलपुर, 7 फरवरी।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने प्रतिभावान खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु खेलवृत्ति के आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस योजना का उद्देश्य उन खिलाड़ियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, जिन्होंने पिछले वर्ष (2024-25) में अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

### उप मुख्यमंत्री ने बस्तर पण्डूम की तैयारियों व स्टॉल का किया निरीक्षण



**जगदलपुर, 7 फरवरी।** संभागीय मुख्यालय के लालबाग मैदान में आयोजित होने वाले संभाग स्तरीय बस्तर पण्डूम 2026 कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा उप मुख्यमंत्री एवं बस्तर जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों और स्टॉल में प्रदर्शित सामानों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्कूली छात्रों द्वारा की जा रही नृत्य की प्रस्तुति करने वाले छात्रों से भी बातचीत की और शानदार प्रस्तुति हेतु शुभकामनाएं दी । इस दौरान कमिश्नर डोमन सिंह, बस्तर आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने हितग्राहियों को दी सहायता राशि




**जगदलपुर, 7 फरवरी ।** स्थानीय सर्किट हाऊस में शुक्रवार की शाम उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित एक गरिमामय समारोह में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ जब जमीनी स्तर पर उतरा, तो हितग्राहियों के चेहरे खिल उठे। उप मुख्यमंत्री, वन मंत्री श्री केदार कश्यप एवं विधायक श्री किरण सिंह देव ने विभिन्न विभागों के माध्यम से पात्र लोगों को सामग्री और सहायता राशि वितरित कर सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को चरितार्थ किया।

कार्यक्रम के दौरान सबसे भावुक और उत्साहजनक क्षण तब देखने को मिले जब समाज कल्याण विभाग की ओर से दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने की पहल की गई। उप मुख्मंत्री श्री शर्मा, वनमंत्री श्री कश्यप एवं विधायक श्री देव ने करण नाग, संजय सांतरा और विजय मौर्य को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल सौंपी, जिससे अब उनकी जिंदगी की रफ्तार नहीं थमेगी। इसी क्रम में राकेश कुमार मिश्रा को कृत्रिम पैर और विपिन सिंह को श्रवण यंत्र प्रदान कर उन्हें समाज की मुख्य धारा में सम्मान के साथ जीने का संबल दिया गया। शिक्षा और तकनीक के महत्व को रेखांकित करते हुए समग्र शिक्षा अभियान के तहत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों, विवेक कुमार और सुभद्रा को मोबाइल किट तथा जयबती और गायत्री को टैबलेट वितरित किए गए, ताकि ये बच्चे डिजिटल युग के साथ कदमताल कर सकें।महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत महिला समूहों को बड़े संसाधन सौंपे गए। जागृति, तिरंगा, इंद्रावती और झांसी की रानी महिला क्लस्टर संगठनों को ईंट-सीमेंट निर्माण इकाई के संचालन हेतु चेक व स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को उद्यमी बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। इसके साथ ही कंकालीन और दुर्गा स्व-सहायता समूहों जैसी संस्थाओं को भी प्रोत्साहित किया गया।

बरसों से अपने पक्के मकान का सपना देख रहे परिवारों के लिए भी यह शाम यादगार बन गई। उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी और ग्रामीण) के तहत लक्ष्मी बाई राव, बबिता कश्यप, अलाबती, गजमती और सेवती नायक समेत कई गृहणियों को उनके सपनों के घर की चाबी सौंपी। वहीं छोटे व्यापारियों को मदद पहुंचाने के लिए पीएम स्वनिधि योजना के तहत ममता यादव और नासिर खान को चेक प्रदान किए गए, जबकि स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुजुर्ग हितग्राहियों को प्रधानमंत्री वय वंदना योजना का लाभ देकर सरकार ने हर वर्ग के प्रति अपनी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर कमिश्नर श्री डोमन सिंह, आईजी श्री सुंदरराज पी, सीईओ जिला पंचायत श्री प्रतीक जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

# एसीबी ने बीईओ कार्यालय के लिपिक को 40 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार




**कोंडागांव, 7 फ़रवरी।** छत्तीसगढ़ में जगदलपुर एसीबी की टीम ने कोंडागांव के बीईओ कार्यालय के लिपिक सतीश सोढ़ी को रिटायर्ड शिक्षक से 40 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है । लिपिक ने रिटायर्ड शिक्षक से पेंशन प्रकरण को निपटाने के एवज में 40 हजार रुपए रिश्वत मांगा था। रिटायर्ड शिक्षक ने इसकी शिकायत एसीबी जगदलपुर से की थी। एसीबी की टीम ने आज शुक्रवार बीईओ कार्यालय के लिपिक सतीश सोढ़ी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया।मिली जानकारी के अनुसार मिडिल स्कूल सरपंच पारा, राणापाल में शिक्षक के पद पर पदस्थ रहे, सोनसिंह यादव 31 दिसंबर 2025 को रिटायर हुए थे। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने अपनी पेंशन शुरू कराने के लिए जरूरी कागजात बनवाने की प्रक्रिया शुरू की। लेकिन पेंशन शुरू करवाने के लिए लगातार बीईओ कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे। इसी दौरान बीईओ कार्यालय में पदस्थ लिपिक सतीश सोढ़ी ने पेंशन प्रकरण तैयार कर आगे भेजने के बदले सोनसिंह यादव से 40 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। रिश्वत की इस मांग से परेशान होकर रिटायर्ड शिक्षक सोनसिंह यादव ने एंटी करप्शन ब्यूरो जगदलपुर में शिकायत दर्ज कराई । शिकायत की पुष्टि होने के बाद एसीबी ने लिपिक को रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई। इसके बाद छापेमार कार्रवाई करते हुए लिपिक सतीश सोढ़ी को मौके पर ही 40 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद लिपिक को हिरासत में ले लिया गया है, और आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।उप पुलिस अधीक्षक रमेश मरकाम ने बताया कि रिटायर्ड शिक्षक सोनसिंह यादव ने एसीबी जगदलपुर में पेंशन प्रकरण को लेकर शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि बीईओ कार्यालय का क्लर्क सतीश सोढ़ी पेंशन को लेकर 40 हजार रुपए रिश्वत मांग रहा है। इसी मामले में एसीबी की टीम ने लिपिक सतीश सोढ़ी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।



### बस्तरवासियों को मिली जनजातीय गौरव वाटिका की अनमोल सौगात

**जगदलपुर, 7 फरवरी ।** शहर की आपाधापी, धूल और शोर-शराबे से दूर, बस्तरवासियों को प्रकृति की गोद में सुकून के पल बिताने के लिए शुक्रवार को एक भव्य और अनमोल ठिकाना मिल गया। बस्तर की समृद्ध जनजातीय विरासत, परंपरा और नैसर्गिक सौंदर्य को एक सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से कुम्हड़ाकोट में निर्मित जनजातीय गौरव वाटिका का लोकार्पण छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वन मंत्री श्री केदार कश्यप और विधायक श्री किरण सिंह देव ने किया। लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुई यह वाटिका अब जनता के लिए समर्पित कर दी गई है, जो न केवल पर्यटन का नया केंद्र बनकर उभरी है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक अनूठी मिसाल पेश कर रही है।शुक्रवार शाम आयोजित समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, विधायक श्री किरण देव के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप और स्टायलो मंडावी, संचालक कांगेर वैली सहित अन्य प्रमुख स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### सहायक उपकरण पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे खिले, तत्काल दी गई बैटरी चलित ट्रायसाईकिल

**कांकेर,7 फरवरी ।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा चारामा निवासी दो दिव्यांगजनों 61 वर्षीय लछिन्दर साहू और 39 वर्षीय पूरन चंदेली को मोटराईज्ड ट्रायसाईकिल प्रदान किया गया। दोनों दिव्यांगों ने ट्रायसाईकिल प्रदान करने के लिए कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत किया था, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें आज ट्रायसाईकिल प्रदान की गई।

सहायक उपकरण पाकर दिव्यांगों के चेहरे खिल उठे, उन्हांने कहा कि अपनी दिनचर्या में आने-जाने में बहुत परेशानी होती थी, ट्राईसाईकिल मिलने से उन्हें रोजगार मेला, परिवारिक कार्यक्रम में जाने में सहुलियत होगी। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# वन विभाग ने माचकोट वन परिक्षेत्र से 14 अतिक्रमणकारी गिरफ्तार किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर,7 फरवरी ।** बस्तर जिले के माचकोट वन परिक्षेत्र में वन विभाग की सतर्कता ने एक बड़ी साजिश को समय रहते विफल कर दिया है। वनभूमि को खंडित कर अवैध कब्जे की प्रयास कर रहे 14 लोगों को वन विभाग के विशेष दस्ते ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सूचना मिली थी कि माचकोट रेंज की आरक्षित वनभूमि में सुनियोजित तरीके से पेड़ों की कटाई की जा रही है, ताकि जमीन पर अवैध कब्जा किया जा सके । जांच में सामने आया कि सभी आरोपी सुकमा जिले के कूकानार क्षेत्र से आकर यहां वन क्षेत्र को नुकसान पहुंचा रहे थे । सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वन विभाग की कार्रवाई के दौरान अवैध कटाई के स्पष्ट सबूत भी बरामद किए गए। वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 और लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 के तहत वन अपराध दर्ज किया है। गिरफ्तारी के बाद कार्यवाही उपरांत सभी आरोपियों को आज शुक्रवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में केंद्रीय जेल जगदलपुर भेज दिया गया।

ओपी चौधरी ने शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का किया निरीक्षण

# रायगढ़ में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विकास कार्य तेजी से जारी

**रायगढ़, 7 फरवरी।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प तथा मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के विकासोन्मुखी दृष्टिकोण एवं सुशासन की नीति के अनुरूप रायगढ़ को एक आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी.चौधरी ने आज शहर में निर्माणाधीन विभिन्न विकास कार्यों एवं बुनियादी परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण कर उनकी प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने इतवारी बाजार, नालंदा परिसर, कयाघाट, किसान राइस मिल के पास ऑक्सीजोन तथा ऐतिहासिक पहाड़ मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं इंजीनियरों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता



मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता स्वीकार्य नहीं होगी। कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए नियमित मॉनिटरिंग एवं विभागीय समन्वय पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि नागरिक सुविधाओं से जुड़ी निर्माणाधीन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद रायगढ़ शहर को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, हरित क्षेत्र एवं सुव्यवस्थित शहरी सुविधाएं प्राप्त होंगी। इतवारी बाजार एवं कबीर चौक क्षेत्र में विकसित किए जा रहे ऑक्सीजोन को उन्होंने भविष्य की महत्वपूर्ण हरित पहल बताया।

निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री ने नालंदा परिसर में लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन अत्याधुनिक लाइब्रेरी का भी अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि इसके पूर्ण होने के पश्चात यह लाइब्रेरी विद्यार्थियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक आधुनिक शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित होगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने किसान राइस मिल परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की तथा ऐतिहासिक पहाड़ मंदिर परिसर पहुंचकर वहां प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी ली। पर्यटन की दृष्टि से क्षेत्र के समग्र विकास की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाएं पूर्ण होने के बाद रायगढ़ के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## एक नजर

### राजिम कुंभ में लोकमहक खल्लारी की प्रस्तुति पर थिरके दर्शक

**राजिम,7 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प के पांचवें दिन मुख्य मंच पर लोकमहक खल्लारी की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने दर्शकों को छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति के रंगों में सराबोर कर दिया। विभिन्न पारंपरिक परिधानों और नृत्य शैलियों के साथ कलाकारों ने ऐसा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया कि दर्शक अपनी सीटों पर बैठे-बैठे झूमने मजबूर हो गए।लोककला मंच की शुरुआत गणेश वंदना ÷गाईये गणपति गज वंदन... से हुई। विघ्नहर्ता की वंदना सुनकर दर्शक भी भावविभोर होकर गणपति का स्मरण करने लगे। मां शारदे की आराधना में प्रस्तुत गीत ÷तै नाचत आवे न.. ने मंच को भक्ति रस से भर दिया। देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत जन गण मन अधिनायक.. जय बोलो भारत माता ने कार्यक्रम को एक नई ऊंचाई दी। इसके बाद प्रेम और लोकजीवन से जुड़े गीत ÷बड़े बिहनियां कौंवा करे कौव.. और ÷तोर गुरतुर बोली मोर मन ल मोही डारे... और कर्मा नृत्य की प्रस्तुति में कलाकारों ने रंग-बिरंगे परिधानों के साथ ÷चाहे तै मन ल तोड़ ले, चाहे तै दिल ल तोड़ ले. गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे देख दर्शक खुद को झूमने से रोक नहीं पाए।

### 13 फरवरी को सच्चिदानंद स्वामी के सान्निध्य में सरस्वती यज्ञ का आयोजन



**राजिम,7 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प मेला के दौरान श्री चक्र महामेरू पीठाधीश्वर सच्चिदानंद तीर्थ दंडी स्वामी की कुटिया में 13 फरवरी को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक मां सरस्वती यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस पावन अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। यज्ञ उपरांत श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरण किया जाएगा।

दंडी स्वामी महाराज ने बताया कि इस पवित्र यज्ञ का मुख्य उद्देश्य भावी पीढ़ी को संस्कारवान बनाना तथा समाज, परिवार और राष्ट्र के लिए आदर्श नागरिकों का निर्माण करना है। साथ ही धर्म, अध्यात्म एवं नैतिक मूल्यों के विकास के माध्यम से बच्चों में आत्मसम्मान की भावना को प्रबल करना और उन्हें भारतीय संस्कृति से परिचित कराना भी इस आयोजन का प्रमुख लक्ष्य है।स्वामी जी ने कहा कि यज्ञ के माध्यम से बच्चों को अपने धर्म और संस्कृति के महत्व का बोध होता है, जिससे उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास संभव हो पाता है। उन्होंने यह भी बताया कि यज्ञ की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

### पशुधन व मत्स्य विभाग का संयुक्त स्टॉल बना खास आकर्षण का केंद्र



**राजिम,7 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पशुधन विभाग एवं मत्स्य पालन विभाग द्वारा नवीन मेला मैदान में संयुक्त स्टॉल लगाया गया है, जो श्रद्धालुओं और मेलार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। स्टॉल पर विभागीय योजनाओं और तकनीकी जानकारियों के प्रति लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

पशुधन विभाग के स्टॉल में वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. बी.के. साहू द्वारा कृत्रिम गर्भाधान की प्रक्रिया के संबंध में मेलार्थियों को विस्तार से जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि गाय प्रत्येक 21 दिन में गर्म होती है और इस दौरान 12 घंटे के अंतराल में कृत्रिम गर्भाधान किया जाता है। इसके लिए उपयोग में लाया जाने वाला बीज केंद्रीय वीर्य संग्रहालय अंजोरा से प्राप्त किया जाता है। डॉ. साहू ने बताया कि कृत्रिम गर्भाधान की यह सेवा पशुपालकों के लिए पूरी तरह निःशुल्क है, जिससे पशुधन की गुणवत्ता में सुधार के साथ किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलती है।

वहीं, मत्स्य पालन विभाग के स्टॉल में सजावटी मछलियों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई है, जो खासतौर पर बच्चों और युवाओं को खूब लुभा रही है। मेलार्थी सजावटी मछलियों के साथ सेल्फी लेते नजर आ रहे हैं। प्रदर्शनी के माध्यम से विभाग द्वारा जानकारी दी जा रही है कि सजावटी मछली पालन के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला वर्ग को 60 प्रतिशत तथा सामान्य वर्ग को 40 प्रतिशत तक शासकीय अनुदान दिया जाता है। प्रदर्शनी में गोल्ड फिश, सिल्वर बार्ब, रूपचंद, निऑन टेट्रा और कोई कार्प जैसी रंग-बिरंगी प्रजातियों की सजावटी मछलियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

## गुड़गहन पहुंचे वित्त मंत्री, ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

**रायगढ़, 7 फरवरी ।** वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी. चौधरी आज रायगढ़ जिले के ग्राम-गुड़गहन पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं मांगों को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और उन्होंने गांव से जुड़ी विभिन्न बुनियादी आवश्यकताओं की जानकारी दी। ग्रामीणों द्वारा सड़क, पेयजल, विद्युत, आवास, स्वास्थ्य एवं अन्य जनसुविधाओं से संबंधित मुद्दे रखे गए। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने सभी विषयों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि सरकार का दृढ़ निश्चय है कि जिले के प्रत्येक गांव तक आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बसे व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए सरकार और प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है और इसके लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। गांव में पहुंचकर जनसंवाद करने से शासन को



जमीनी स्तर की वास्तविक समस्याओं को समझने में सहायता मिलती है। ग्रामीणों ने उनकी समस्याएं सुनने और समाधान का भरोसा दिलाने के लिए वित्त मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## जनदर्शन में मिले आवेदनों पर जिला प्रशासन की त्वरित पहल

**रायगढ़, 7 फरवरी।** जिला प्रशासन द्वारा जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम-बुलेकेरा विकासखंड घरघोड़ा निवासी दिव्यांग छात्र गोविंद दास को उच्च शिक्षा हेतु लैपटॉप उपलब्ध कराया गया। यह पहल जरूरतमंद एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन के दौरान ग्राम बुलेकेरा निवासी मनबन्धु दास ने कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्र गोविंद दास की शिक्षा में आ रही आर्थिक कठिनाइयों की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि गोविंद दास डिग्री कॉलेज में एम.ए. की पढ़ाई कर रहा है, किंतु परिवार की सीमित आय एवं संसाधनों के अभाव में अध्ययन प्रभावित हो रहा है। गोविंद दास एक आंख से दिव्यांग होने के बावजूद नियमित रूप से पढ़ाई कर रहा है। प्रस्तुत आवेदन एवं पारिवारिक परिस्थितियों को देखते हुए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने छात्र को शैक्षणिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

## मंदिर चौक पर स्थित सालों पुराने मूत्रालय को पालिका ने ढहाया, आम लोगों की बढ़ी परेशानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 7 फरवरी।** ट्रिपल इंजन की नगर पालिका प्रशासन की ग्रह दशा इन दिनों कुछ ठीक नहीं चल रही। सत्ता में मदहोदश पालिका के उपाध्यक्ष सर्वेसर्वा नगरसेवक बने हुए हैं। परिषद को विश्वास में लिए बिना ही वे मनमाने तरीके से बिना प्लानिंग के नगर में कुछ भी उल्टा सीधा कार्य कर रहे हैं और कोई भी कार्य को पूरा न कर आधे अधूरे हालत में छोड़ दे रहे हैं जिससे आमजनों एवं बाहर क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालुओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर पालिका में लगातार दुसरी बार भाजपा ने जीत हासिल कर जनता जर्नादश का आर्शीवाद तो प्राप्त कर लिया मगर बड़ा सवाल यह कि क्या बीते एक साल में नगर पालिका ने जनता के विश्वास पर खरा उतर भी पाई है या नहीं? नगरवासियों को लगा था कि ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई है अब उन्हें हर तकलीफ और मुश्किलों से निजात मिल जाएगा। मगर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। पालिका सरकार बने एक साल से ज्यादा का समय गुजर चुका है मगर नगरवासियों को अब तक कोई नई सौगात, नई उपलब्धि नगर में देखने को नहीं मिला है। हां एक चीज अवश्य हुआ है कि नगर के कतियाररास, मांझीपदर, पातररास, चुड़ीटिकरा इत्यादि जो पालिका क्षेत्र




के अलग अलग वार्डो के अधीन आते हैं इन इलाकों में बेतहाशा अतिक्रमण अवश्य बढ़ गया है। खुलेआम जंगल काटकर घेराबंदी कर जमीनों पर भूमाफिया अतिमक्रमण कर रहे हैं। नजूल भूमियों पर कब्जा कर उसे उंचे दामों में बेचा जा रहा है। जिन्हें रोकने की जहमत पालिका के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी नहीं उठा रहे। पालिका की अध्यक्ष पायल गुप्ता व उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा अतिक्रमणकारियों पर न केवल नरम रूख अपनाये हुए हैं बल्कि ऐसे लोगों को इनका पूरा प्रश्रय भी मिला हुआ है। केवल नगर से बाहर क्षेत्र में ही नहीं बल्कि नगर के भीतर सड़कों, फूटपाथों और नालियों पर भी लोग व्यवसाय के नाम पर ठेले खोमचे लगाकर अतिक्रमण कर रहे हैं। जनभावनाओं को दरकिनार कर नगर में पालिका के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं। जिसका अब पुरजोर विरोध भी होने लगा है। गायत्री मंदिर चौक पर अपने चहेतों को नालियों पर अतिक्रमण कर ठेला लगवाने का मामला हो या फिर बिना किसी आम सहमति के इसी चौक पर स्थित मूत्रालय को जेसीबी लगाकर ढहा देने का मामला ये सब ये बतलाता है कि नगर पालिका के जनप्रतिनिधि सत्ता की मदहोशी में मनमानी कर रहे हैं। विकास की बड़ी बड़ी बातें वाले करने वाले आज एक काम गिना दें जिससे आम नगरवासियों का भला हुआ हो तो जानें। नगर विकास की बातें तो दूर, जो संपत्ति बनी बनाई खड़ी है उसे भी आमजनों की सहमति के बिना उसे जमींदोज कर दिया जा रहा है। गायत्री मंदिर चौक पर पोस्ट आफिस के सामने दो दशक पहले पालिका द्वारा बनाए गए सार्वजनिक मूत्रालय को पखवाड़े भर पूर्व सीएमओ के निर्देश पर उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा ने तोड़ दिया। मूत्रालय तोड़ दिए जाने से अब सबसे ज्यादा परेशानी बाहर से आए श्रद्धालुओं को हो रही है खासकर महिलाओं को। बताते चलें कि शक्तिपीठ होने से यहां हर रोज सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु दूर दराज क्षेत्रों से मां के दर्शन पूजन के लिए पहुंचते हैं। नवरात्र एवं फागुन मंडई में लाखों लोगों की भीड़ मेला में जुटती है। चौक पर स्थित मूत्रालय तो तोड़ दिया गया मगर अब तक वहां पर किसी प्रकार की कोई वैकिल्पिक व्यवस्था भी नहीं किया गया है। ऐसे में अब बड़ा सवाल यही कि जिसे यूरिन पास करना हो, एमरजेंसी हो वो कहां जाए ? इसका जवाब तो पालिका में बैठे अधिकारी और चुनकर आए जनप्रतिनिधियों को देना चाहिए।

### महिला जागरूकता का केंद्र बना महिला एवं बाल विकास विभाग का स्टॉल

**राजिम,7 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प के नवीन मेला मैदान में लगाए गए शासकीय स्टॉलों में मेलार्थियों की भीड़ लग रही है और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ले रहे हैं।इस प्रदर्शनी में महिला एवं बाल विकास विभाग का स्टॉल महिलाओं को जागरूक करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है। स्टॉल पर महिलाओं की भीड़ देखी जा रही है, जो विभागीय योजनाओं और जानकारियों में गहरी रुचि ले रही हैं। स्टॉल में उपस्थित छबी राम निर्मलकर द्वारा दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, सखी वन स्टॉप सेंटर तथा महिला सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं की जानकारी बुकलेट के माध्यम से दी जा रही है। उन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा या किसी भी प्रकार की महिला उत्पीड़न की स्थिति में महिलाएं सखी वन स्टॉप सेंटर में जाकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं ।

## राजिम कुंभ में लोक संस्कृति की धूम, मैनपुर के उत्तम यादव के राउत नाचा की दी शानदार प्रस्तुति

**राजिम,7 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प मेला के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोककला और लोकसंस्कृति की मनमोहक झलक देखने को मिल रही है। कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियां दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं।

मेला छठवें दिन शुक्रवार 6 फरवरी को नया मेला स्थल स्थित स्थानीय मंच पर मैनपुर के उत्तम यादव ने राउत नाचा की शानदार प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति से अभिभूत दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ भरपूर आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम में चंद्रखुरी की प्रभा यादव ने पंडवानी गायन, कुम्ही की सरिता साहू ने जगराता, फूलझर के रेखराज साहू ने फाग मंडली तथा पारागांव की गीता साहू ने लोकनृत्य की उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। इसी क्रम में डुमरतरई की भारती साहू ने जसझांकी, बोरिंद के नारायण साहू की टीम ने सुवा नृत्य और खरगाडीह (सिमगा) के गोपाल निषाद ने लोककला मंच के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। धमतरी के कल्याण सिंह नागवंशी ने लोकगीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया, वहीं मगरलोड के तामेश्वर साहू ने लोकनृत्य की प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरीं।

पुराने महोत्सव स्थल के नदी मंच में अरंड के मिलाप दीवान ने मानसगान के माध्यम से रामायण के प्रसंगों पर सुंदर व्याख्या की और एक से बढ़कर एक धार्मिक भजन प्रस्तुत किए। इसके अलावा सहसपुर की अनीता साहू ने रामधुनी, लोहरसिंग के खेम यादव ने रामायण पाठ, तर्री के मनोज सेन ने सुगम गायन तथा महासमुंद की मंजु पटेल ने सुगम भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक पुरुषोत्तम चंद्राकर, उद्घोषक निरंजन साहू, मनोज सेन, दिनेश्वर साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं व्यवस्था संचालन में अजय साव, शीतल चौबे, राकेश साहू, संतोष सूर्यवंशी, खिलेश्वरी साहू एवं हेमलता सेन सक्रिय रूप से लगे रहे।

## भगवान श्रीराजीवलोचन का दिन में तीन बार बदलता है स्वरूप

**राजिम,7 फरवरी।** पवित्र तीन नदियों के संगम तट पर स्थित राजिम को हरि और हर की नगरी कहा जाता हैं। इसके अनन्य नाम सुनने को मिलते हैं जैसे कमलक्षेत्र, पद्मावतीपुरी, देवपुरी, छोटी काशी, राजीव नगर, राजिम इत्यादि। प्रचलित कथा के अनुसार बताया जाता है कि सत्ययुग में राजा रत्नाकर हुए। उन्होंने सौ यज्ञ किया जैसे ही यज्ञ करते राक्षस गण आकर उसमें व्यवधान डाल देते थे। साधु संतो को प्रताड़ित करते थे और यज्ञ सम्पन्न होने में विघन डालते। राजन बहुत दुखी हो गये और भगवान विष्णु को याद करने लगे।

उसी समय विष्णु जी बैकुंठ लोक छोड़कर त्रिकूट पर्वत में गज और ग्राहा की लड़ाई को शांत कराने के लिए उपस्थित हुए थे। कहा जाता हैं कि गजराज पानी पीने के लिए सरोवर में उतरे तो ग्राहा (मगरमच्छ) ने गज (हाथी) के पैर को कसकर जकड़ लिया। पीड़ा से व्याकुल गजराज उसी सरोवर से कमल फूल तोड़कर भगवान विष्णु का स्मरण करते हुए रोने लगे और रक्षा की याचना की। आवाज सुनकर विष्णु जी तुरंत उपस्थित हुए और ग्राहा को खण्ड-खण्ड कर मुक्ति दिलाई तथा गज पीड़ा से मुक्त हो गये। उसी समय राजा रत्नाकर की आवाज भगवान विष्णु के कान में



पड़ी और भगवान ने उनके समक्ष प्रकट होकर आसुरी शक्तियों का समूल नाश किया था।राजा रत्नाकर के भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने दो वरदान मांगने को कहा तब उन्होंने कहा कि आप राजीव लोचन के रूप में इस नगर में हमेशा के लिए विराजमान हो जाइए। दूसरा वरदान मेरे बाद आने वाले पीढ़ी आपकी पूजा अर्चना करे। भगवान ने दोनो वरदान पर सहमति जताई, तब से भगवान विष्णु राजीवलोचन के रूप में यही विराजमान हो गए। मंदिर में उनका स्वरूप दिनभर में तीन बार बदलता हैं जिसका अनुभव खुद दर्शनार्थी अपनी वाणी से बयां करते हैं। सुबह बाल्यावस्था, दोपहर युवावस्था और शाम को प्रौढ़ावस्था प्राप्त करते हैं।

भगवान श्री राजीवलोचन को सुबह, दोपहर, रात्रिकाल में दाल, चावल एवं सब्जी का भोग लगाया जाता हैं। पर्व पर विशेष रूप से सर्व स्नान करते हैं, नैवेद्य, ऋतुफल इत्यादि को भी ग्रहण करते हैं। भगवान के भोग लगने के उपरांत दाल, चावल को प्राप्त करने के लिये श्रद्धालु टूट पड़ते हैं। इसके अलावा पीड़िया प्रसाद का भी वितरण किया जाता है। भगवान राजीवलोचन का पीड़िया प्रसाद पूरी दुनिया में प्रसिध्द हैं इसे चावल से बनाया जाता है जिसमें शुद्ध घी का उपयोग होता है जो महीनों तक खराब नहीं होता।यहां का मंदिर दो परिसर में विभक्त हैं पहले परिसर के मध्य में भगवान राजीवलोचन के विशाल मंदिर में खुद भगवान विष्णु राजीवलोचन के रूप में विराजमान हैं। प्रतिमा के दाये बाये देवी लक्ष्मी और माया जी उपस्थित हैं। गर्भगृह के दीवाल से लगे स्तंभ में देव विग्रह स्थापित हैं इनके चारो कोण में वराह अवतार मंदिर, नरसिंह अवतार मंदिर, वामन अवतार मंदिर तथा बद्री नारायण मंदिर के साथ हीं मंदिर के निर्गमन द्वारा पर साक्षी गोपाल विराजित हैं।

## शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय के नवीन भवन का भूमिपूजन, शिक्षा और स्वास्थ्य को मिली नई दिशा

**कुरूद, 7 फरवरी।** धमतरी जिला अब छत्तीसगढ़ के शैक्षणिक मानचित्र पर एक सशक्त केंद्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। इसी क्रम में आज धमतरी जिले के विकासखंड मुख्यालय कुरूद में शासकीय विधि महाविद्यालय के समीप शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय के नवीन भवन का भूमिपूजन समारोह विधायक अजय चंद्राकर के मुख्य अतिथ्य में और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। साथ ही नवीन स्टाफ क्वाटर का भी भूमि पूजन हुआ ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष दीपक महस्के ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योति भानु चन्द्राकर एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू.एल. कौशिक, डी पी एम प्रिया कवर सहित जनप्रतिनिधिगण, स्वास्थ्य अमला, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।यह महाविद्यालय प्रदेश के अग्रणी शासकीय नर्सिंग संस्थानों में से



एक माना जा रहा है। जो क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम का आयोजन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग धमतरी द्वारा आयोजित किया गया ।

शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय का नवीन भवन लगभग 8.68 करोड़ की लागत से निर्मित किया जाएगा। भवन में अत्याधुनिक कक्षाएँ, स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक नर्सिंग लैब, सिमुलेशन लैब, पुस्तकालय, छात्रावास, प्रशासनिक कक्ष, ऑडिटोरियम, पेयजल, विद्युत एवं हरित परिसर जैसी सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। इससे छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण नर्सिंग शिक्षा के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्राप्त होगा। मुख्य अतिथि विधायक अजय चन्द्राकर ने कहा कि कुरूद का प्रत्येक युवा हुनरमंद बने, यही हमारा लक्ष्य है। नर्सिंग, तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से ऐसा वातावरण बनाया जा रहा है जहाँ रोजगार के लिए पलायन नहीं, बल्कि कुरूद से ही प्रगति और सेवा के अवसर सृजित हों।नर्सिंग महाविद्यालय से न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ता मिलेगी, बल्कि क्षेत्र के युवाओं को सम्मानजनक रोजगार और सेवा का सशक्त मंच भी प्राप्त होगा।

चन्द्राकर ने आगे कहा कि कुरूद के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज यहां नर्सिंग महाविद्यालय की भी शुरूआत हो चुकी है। विद्यार्थियों को नर्सिंक की पढ़ाई करने के लिए अब कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए लाईवलीहुड, बीए, एलएलबी, पॉलीटेक्निक जैसे संस्थान शीघ्र प्रारंभ होंगे। इसके साथ ही युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए डांडेसरा, बड़ी करेली और कचना में औद्योगिक पार्क का निर्माण किया जा रहा है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यह शैक्षणिक श्रृंखला कुरूद को बहुआयामी शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य है। कृषि महाविद्यालय जहां आधुनिक कृषि तकनीकों से किसानों को सशक्त बना रहा है। वहीं हार्टिकल्चर, विधि महाविद्यालय , पॉलिटेक्निक कॉलेज और अब नर्सिंग महाविद्यालय युवाओं को व्यावसायिक एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।उन्होंने यह भी कहा कि स्टार्टअप के लिए सरकार ने नीति बनाई है। हमारा प्रयास है कि हम ऐसी मानसिकता को दूर करें, जो हमें आगे बढ़ने से रोकती है। हम ऐसी सोच बनाएं, जिससे युवाओं को रोजगार मिले और आने वाली पीढ़ी को भावी चुनौतियों का सामना करने के योग्य बनाएं। उद्यमशीलता इतनी मजबूत होनी चाहिए कि, हम समय बदल कर रख दें। उन्होंने इस लड़ाई के लिए अपने अपने आपको तैयार करने युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिले में खुल रहे इन संस्थाओं से क्षेत्र के युवाओं को लाभ मिलेगा, काम को गुणवत्ता व समय पर पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है।इस मौके पर मेडिकल कॉर्पोरेशन बोर्ड के अध्यक्ष श्री महस्के ने कहा कि गुजरते समय के साथ कुरूद में बदलाव नजर आ रहा है। यहां विकास के नित नये आयाम गढ़े जा रहे हैं। उन्होंने इन निर्माण कार्यों को निर्बाध रूप से पूरा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय भी प्रदेश में विकास गतिविधियों को लगातार संचालित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जागरूक जनप्रतिनिधि और जनता के सहयोग से ही क्षेत्र का विकास संभव है।इस अवसर पर तिलोकचंद जैन,चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

# पीसीसीएफ ने बलौदाबाजार वनमंडल के वानिकी कार्यों का किया निरीक्षण

## वानिकी कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 7 फरवरी।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक (अनुश्रवण मूल्यांकन) एवं प्रभारी रायपुर वृत्त कौशलेन्द्र सिंह ने गुरुवार को वनमंडल बलौदाबाजार अंतर्गत संचालित विभिन्न वानिकी कार्यों का मैदानी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देवपुर परिक्षेत्र में चल रहे एससीआई कूप एवं बांस कूप के कार्यों का अवलोकन किया तथा मौके पर कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं कार्य आयोजना के अनुरूप क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कार्य आयोजना आधारित वानिकी कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा मैदानी स्तर पर वैज्ञानिक प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिये।



सोनाखान परिक्षेत्र अंतर्गत कराए गए कूप मार्किंग कार्य एवं अन्य विभागीय कार्यों का आरडीएफ में भ्रमण कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य आयोजना के प्रावधानों के अनुसार विभिन्न कार्यों को विभिन्न तकनीकी मानकों के अनुरूप संपादित किया जाना है, इस संबंध में अधिकारियों एवं मैदानी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन दिये।उन्होंने विशेष रूप से बांस वर्किंग कूप में बांस विदोहन से संबंधित तकनीकी बारीकियों को विस्तारपूर्वक समझाया तथा एससीआई एवं आईडब्ल्यू सी वर्किंग सर्किल अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की उपयोगिता, प्रक्रिया एवं दीर्घकालिक प्रभावों पर प्रकाश डाला।

इस दौरान डीएफओ गणवीर धम्मशील, प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक गुलशन साहू, अभिनव शर्मा, उपवनमंडल कसडोल अंतर्गत पदस्थ समस्त प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मेढ़ा स्कूल में वार्षिक उत्सव और सम्मान समारोह सम्पन्न



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नवागांव (मेंढ़ा), 7 फरवरी।** मेंढ़ा समीपस्थ शासकीय प्राथमिक विद्यालय नवागांव वि.खं. -डोंगरगढ़.में 2 फ़रवरी सोमवार को बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने सुआ, कर्मा, देशभक्ति के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि सम्माननीय प्रशांत कोड़ापे (सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव); अध्यक्षता श्रद्धेय गोपी राम वर्मा (सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़), विशेष अतिथि - मा.मदन राम देवांगन, (सरपंच ग्राम पंचायत कोलिहापुरी), उपसरपंच मां. ताराचंद सिन्हा एवं समस्त पंचगण नवागांव मा. देवलाल वर्मा जी प्रधानपाठक मंजरी गजभिए ने ज्ञान दायिनी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का आगाज किये। श्रद्धेय विजय कामतीन देवांगन ज(प्रधान पाठक कल्लू टोला) ने सभी बच्चों तथा अतिथियों के लिए भोजन व्यवस्था किए थे। शाला परिवार के सदस्य, कोड़ापेजी बच्चों के साथ बैठकर भोजन का लुत्फ उठाये। पश्चात प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किए।

कुषिका बाघमारे को (नवोदय चयनित) होने पर प्रतीक चिन्ह व 1000रू की नगद राशि प्रदान किया गया यह कार्यक्रम विगत 6वर्षों से मनाया जा रहा है।जो कि शाला परिवार व समस्त पंचगण तथा ग्राम वासियों के सहयोग से होता है।विगत 4 वर्षों से भोजन व्यवस्था ग्राम के इच्छुक परिवार के गृह में सभी बच्चों व अतिथियों के लिए होता है।जो सामुदायिक सहभागिता का उदाहरण प्रस्तुत कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित करते हैं। उक्ताशय की जानकारी विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती मनु ठाकुर ने दी।

## एक नजर

### बदनाम करने की नीयत से युवती की अश्लील फोटो इंस्टाग्राम में अपलोड करने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 6 फरवरी को प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया की आरोपी निखिल ठाकुर द्वारा इंस्टाग्राम के माध्यम से उसका प्राइवेट फोटो शेयर किया गया है, जिससे उसके परिवार में उसकी छवि खराब हो रही है तथा उसकी बदनामी हो रही है। प्रार्थिया द्वारा मना करने पर भी आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी देकर फोटो अपलोड किया गया है, जिससे प्रार्थिया मानसिक रूप से परेशान है। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 103/2026 धारा 79, 351(2) बीएनएस 67 आई.टी एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी निखिल ठाकुर को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा प्रार्थिया को बदनाम करने की नीयत से उसका प्राइवेट फोटो इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से शेयर करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 06.02.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम निखिल ठाकुर उम्र 29 वर्ष निवासी सिविल लाइन बलौदाबाजार थाना सिटी कॉलोनी है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला 9 फरवरी को

**बलौदाबाजार, 7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ नया रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़ के तहत शासकीय आद्यौगिक प्रशिक्षण संस्था सकरी बलौदाबाजार में शिक्षुता प्रशिक्षण अधिनियम 1961 के अंतर्गत 9 फरवरी 2026 को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशीप मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले का आयोजन सुबह 10 बजे से होगा। मेले में विभिन्न प्रतिष्ठानों को अप्रेंटिसशिप एवं प्लेसमेंट हेतु आंमत्रित किया गया है। शासकीय एवं निजी आईटीआई से उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं आवश्यक अभिलेखो एवं दस्तावेजों के साथ शामिल होकर अवसर का लाभ ले सकते है।

### प्रायोगिक सामग्री के लिए आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय सिमगा में महाविद्यालय हेतु आधार सक्षम बायोमेट्रिक यंत्र एवं प्रयोगशाला हेतु प्रायोगिक सामग्री हेतु आवेदन आमंत्रित है।अधिकृत फर्म पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट एवं कोरियर व स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय दिवस में प्रातः 10.30 से 5:30 बजे तक कार्यालय में किया जा सकता है।

# नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी मामले में हुई तीसरी शिकायत, कई और पीड़ित आएंगे सामने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 7 फरवरी।** नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। देवेंद्र कुमार गोरले और उसके कथित सहयोगी भाजपा नेता जयप्रकाश यादव पर दर्ज शिकायतों की कड़ी में गुरुवार को तीसरी शिकायत सामने आने के बाद पूरे डोंगरगढ़ क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

अब तक की शिकायतों और सामने आई जानकारियों के अनुसार, इस पूरे नेटवर्क द्वारा डोंगरगढ़ क्षेत्र से लगभग 53 लाख रुपये की ठगी किए जाने की बात उजागर हुई है। गुरुवार को ग्राम पनियाजोब निवासी बसंत राम साहू ने थाना डोंगरगढ़ में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता के अनुसार, देवेंद्र कुमार गोरले व जयप्रकाश यादव द्वारा सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर उनसे 2 लाख 50 हजार रुपये नकद लिए गए थे। लंबे समय तक नौकरी नहीं लगने और बार-बार मांग के बावजूद रकम वापस नहीं की गई। काफी दबाव बनाने के बाद आरोपियों द्वारा केवल 50 हजार रुपये लौटाए गए, जबकि अब तक 2 लाख रुपये वापस नहीं किए गए हैं।

शिकायत में यह भी उल्लेख है कि रकम लेने के बाद लगातार आश्वासन दिए जाते रहे और हर बार वैकेंसी निकलने की बात कहकर समय टाल दिया गया। अंततः जब नौकरी नहीं लगी और संपर्क भी टालमटोल वाला हो गया, तब शिकायतकर्ता को ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने पुलिस की शरण ली।

गौरतलब है कि इससे पहले भी दो पीड़ितों ने डोंगरगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिनसे नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये लिए गए थे। तीनों मामलों का पैटर्न एक जैसा होने से यह स्पष्ट होता जा रहा है कि यह कोई एकल घटना नहीं, बल्कि संगठित तरीके से चलाया जा रहा ठगी का नेटवर्क है।

सूत्रों के अनुसार, नौकरी के नाम पर ठगी का यह खेल लंबे समय से चल रहा था और अब तक सामने आए मामलों के अलावा भी कई पीड़ित हैं, जो कोर्ट-कचहरी और सामाजिक दबाव के डर से सामने नहीं आ रहे हैं। जानकारों का मानना है कि आने वाले दिनों में और भी पीड़ित सामने आ सकते हैं, जिससे ठगी की रकम और बढ़ने की आशंका है। डोंगरगढ़ क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर कुल 53 लाख रुपये की ठगी की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन पर भी दबाव बढ़ गया है। अब यह देखना अहम होगा कि जांच के दौरान इस पूरे नेटवर्क की कितनी गहराई तक परतें खुलती हैं और क्या अन्य प्रभावशाली नाम भी जांच के दायरे में आते हैं। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि प्राप्त शिकायतों के आधार पर मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच के बाद दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल, नौकरी का सपना दिखाकर लोगों की मेहनत की कमाई हड़पने वाले इस गिरोह ने पूरे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल बना दिया है, और अब सबकी निगाहें पुलिस की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## पुराने दिनों की यादें ताजा

# 15 साल बाद फिर से मैदान में उतरे लेदर बॉल क्रिकेट के पुराने खिलाड़ी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 7 फरवरी।** जोड़ मेला सिक्ख युथ वेलफेयर सोसायटी के द्वारा पुराने दिनों की यादें ताजा करते हुए 15 साल पहले के होनहार खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन व समाज के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत टूर्नामेंट के तहत लेदर बॉल क्रिकेट का आयोजन नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है जिसमें 20 वर्ष पूर्व लेदर बॉल क्रिकेट छोड़ चुके खिलाड़ियों के लिए एकदिवसीय लेदर बॉल क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच में भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने अपने पुराने दिनों को याद किया और एक बार फिर से मैदान में उतरने का मौका प्राप्त किया, पुराने खिलाड़ियों ने अपने खेल को फिर से दिखाया और दर्शकों का मनोरंजन किया। मैच के दौरान खिलाड़ियों के चेहरे पर पुराने दिनों की यादें साफ दिखाई दे रही थीं। उन्होंने अपने पुराने साथियों के साथ फिर से खेलने का आनंद लिया और अपने खेल को यादगार बनाया। पुराने खिलाड़ियों ने एक स्वर में कहा की यह मैच उनके लिए बहुत खास रहा। वर्षों बाद फिर से मैदान में उतरना एक सुखद अनुभूति रही। सभी ने अपने पुराने साथियों के साथ फिर से खेलने का आनंद लेना शानदार बताया। इस अवसर पर टीम जोड़ मेला ने कहा, यह मैच पुराने खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा अवसर है अपने खेल को फिर से दिखाने का और बीते दिनों को जीना का, हम उम्मीद करते हैं कि ऐसे मैच आगे भी जारी रहेंगे और पुराने खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करते रहेंगे.

मैच के लिए टीम जोड़ मेला वारियर्स और टीम जोड़ मेला स्ट्राइकर्स नाम से दो टीमें बनाई गई, जिसमे जोड़ मेला स्ट्राइकर्स ने यह मैच 54 रनो से जीत लिया। मैच में करण भाटिया ने शानदार 61 रन बना सिंघ ऑफद मैच का ख़िताब पाया, दीपक भाटिया बेस्ट बॉलर रहे.

कैप्टन भाटिया, सुखमन और फ्लक़दीप ने भी अपने खेल से सभी का भरपुर मनोरंजन किया।

टीम जोड़ मेला ने कहा की यह आयोजन निश्चित है पुराने खिलाड़ियों के लिए एक यादगार अनुभव रहा और ऐसे आयोजन आगे भी किये जाएंगे.

### वृद्धा के साथ दुष्कर्म करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 7 फरवरी।** बीमार अशक्त वृद्ध महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि 6 फरवरी के दोपहर लगभग 2 बजे आरोपियों द्वारा एक बीमार अशक्त वृद्ध महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। साथ ही इस दौरान उपस्थित एक आरोपी ऐसा गलत काम करने में संरक्षण देते हुए वहां पर खड़ा था। प्रार्थिया के वहां पर आने पर दोनों आरोपी उसे देखकर तत्काल वहां से भाग गए। मामले में संलिप्त दो आरोपी श्याम यादव 36 वर्ष निवासी नयापारा और मोहन पंजवानी 65 वर्ष निवासी बलौदाबाजार को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा वृद्ध महिला के साथ दुष्कर्म करना एवं दूसरे आरोपी द्वारा इस गलत काम में संरक्षण देते हुए पहले आरोपी का सहयोग करना स्वीकार किया गया।

# शा.उ.मा. शाला मुसरा में विशेष अध्यापन कक्षाओं का आयोजन



**राजनांदगांव, 7 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के निर्देशानुसार शा.उ.मा. शाला मुसरा वि.खं. डोंगरगढ़ में आगामी 10वीं एवं 12वीं की वार्षिक बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई में कमजोर विद्यार्थियों हेतु विशेष कक्षाएं दिनांक 31/01/2026 से 03/02/2026 तक आयोजित की गई, जिसमें शा.उ.मा. शाला मुसरा के अतिरिक्त निकटतम दूरी की शालाएं मोहारा, बिल्हरी, आलीवारा, रेंगाकठेरा, पारागांवखुर्द, माडीतराई, पलान्दुर व रुवातला के विद्यार्थी उपस्थित रहे. उपरोक्त विशेष अध्यापन कक्षाओं में विषय अंग्रेजी, गणित व विज्ञान विषयों का अध्यापन क्रमशः व्याख्याता हिरेन्द्र परमार शा.उ.मा. शाला मोहारा, व्याख्याता सुश्री कादम्बरी महेश्वरी शा.उ.मा. शाला पारागांव व व्याख्याता पूनम राजपूत शा.उ.मा. शाला माडीतराई द्वारा किया गया. अध्यापन व्यवस्था का निरीक्षण प्रतिदिन जिला एवं विकासखंड अधिकारियों द्वारा किया गया. उपरोक्त विशेष कक्षाओं का सफल संचालन प्राचार्य, शा.उ.मा. शाला मुसरा के0 रघुनाथ के मार्गदर्शन में किया गया.

# महुआ शराब की अवैध बिक्री करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 7 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में 5 फरवरी को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम लवनबन में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी शराब कोचिया से ?2000 कीमत मूल्य का 10 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम आसकुमार निराला उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम लवनबन थाना सिटी कोतवाली है।



### निगम के फेस आफ द मंथ चुने गए ब्रजेन्द्र, भूषण व रतन सिंह

**कोरबा 7 फरवरी।** नगर पालिक निगम कोरबा के सहायक राजस्व निरीक्षक ब्रजेन्द्र सिंह , इलेक्ट्रीशियन भूषण शर्मा एवं हेल्पर मजदूर रतन सिंह कंवर को फरवरी माह का '' फेस आफ द मंथ '' चुना गया है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने '' फेस आफ द मंथ '' चुने गए इन कर्मचारियों को बधाई दी है तथा कार्य के प्रति उनकी निष्ठा की सराहना की है। यहॉ उल्लेखनीय है कि आज से 01 वर्ष पूर्व निगम का '' फेस आफद मंथ '' चुने जाने का सिलसिला प्रारंभ हुआ था, इसका मुख्य उद्देश्य निगम के उत्कृष्ट कार्य करने वाले तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित करना, उनका उत्साहवर्धन करना था। इसी कड़ी में निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक ब्रजेन्द्र सिंह , इलेक्ट्रीशियन भूषण शर्मा एवं हेल्पर मजदूर रतन सिंह कंवर को फरवरी माह हेतु निगम का '' फेस आफद मंथ '' चुना गया है।


## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास)
## जिला-मोहला मानपुर-अंबागढ़ चौकी
**Email:- actmmac@gmail.com**

क्र../3350/निर्माण/धरती आबा/2026 मोहला, दिनांक 05/02/2026

**//द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना//**

निम्नांकित कार्य हेतु ऑनलाईन द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा करने की अंतिम तिथि 20.02.2026 समय सायं 5:00 बजे तक है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | संस्था/कार्य का नाम | विकासखण्ड | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 185167 | आदिवासी बालक आश्रम शाला वासड़ी में Class Room निर्माण | मोहला | 19.39 | 14550/- |
| 2 | 185177 | प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास कौड़ीकसा में Class Room निर्माण | अम्बागढ़ चौकी | 19.39 | 14550/- |
| | | | योग:- | 38.78 | |

टीपः- ठेकेदार की श्रेणी "A", "B", "C" एवं "D" होना अनिवार्य है।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in/ में देखी जा सकती है।

**(कलेक्टर महो. द्वारा अनुमोदित)**

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास मोहला-मानपुर-अं.चाकी**

**जी-252606508/3**



**Advt. No. 02/2025**

**राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान/National Institute of Homeopathy**

(एक स्वायत्त संस्था/ An Autonomous Institute)

भारत सरकार/ Govt. of India

आयुष मंत्रालय/ Ministry of AYUSH

**रोजगार सूचना**

राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान निम्नलिखित पदों को प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक संविदा सहित प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने हेतु पात्र एवं इच्छुक भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्रम सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | समूह | वेतन मैट्रिक्स | 7वें वेतन आयोग के अनुरूप स्तर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संयुक्त निदेशक (प्रशासन) | एक (01) | ए | ₹78,800-2,09,200 | 12 |
| 2 | लेखा अधिकारी | एक (01) | बी | ₹47,600-1,51,100 | 8 |
| 3 | भंडार अधिकारी/मेंटेनेंस अधिकारी/ छात्रावास अधीक्षक | एक (01) | बी | ₹44,900-1,42,400 | 7 |
| 4 | कार्यालय अधीक्षक | एक (01) | बी | ₹35,400-1,12,400 | 6 |
| 5 | सहायक | दो (02) | बी | ₹35,400-1,12,400 | 6 |

[नोटः रिक्तियों की संख्या परिवर्तनीय हो सकती है।]

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 45 (पैंतालीस) दिनों के भीतर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट देखें: https://nih.ayush.gov.in/

हस्ताक्षरित
निदेशक, NIH

**cbc 17209/12/0012/2526**


## वनों की सुरक्षा के लिए परिक्षेत्र एवं वनमण्डल स्तरीय अग्नि सुरक्षा कार्यशालाओं का आयोजन

# वनों की सुरक्षा और आग की रोकथाम के प्रति किया गया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 7 फरवरी।** वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार वनों को अग्नि से होने वाली क्षति से बचाने तथा अग्नि सीजन 2026 के दौरान प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बलौदाबाजार वनमण्डल में परिक्षेत्र एवं वनमण्डल स्तर पर अग्नि सुरक्षा कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य फील्ड स्तर पर कार्यरत वन अमले के साथ-साथ स्थानीय समुदाय को वनाग्नि रोकथाम के प्रति जागरूक करना तथा आपसी समन्वय को मजबूत बनाना है, ताकि समय रहते आग की घटनाओं को रोका जा सके।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 07 फरवरी 2026 को बल्दाकछार परिक्षेत्र में, 09 फरवरी 2026 को सोनाखान परिक्षेत्र में तथा 10 फरवरी 2026 को अर्जुनी परिक्षेत्र में अग्नि सुरक्षा कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात 11 फरवरी 2026 को बारनवापारा एवं कोठारी परिक्षेत्रों में संयुक्त रूप से कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जबकि 12 फरवरी 2026 को बलौदाबाजार परिक्षेत्र में कार्यशाला संपन्न होगी। अंत में 13 फरवरी 2026 को देवपुर में वनमण्डल स्तरीय अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

इन कार्यशालाओं में वनरक्षक, वनपाल, उपवनक्षेत्रपाल, फायर वाचर्स, संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षक, अन्य शासकीय कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा स्व सहायता समूहों के सदस्यों को सम्मिलित किया जाएगा। प्रत्येक कार्यशाला में अधिक से अधिक प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी ताकि वनाग्नि रोकथाम के लिए व्यापक जनभागीदारी विकसित हो सके और जिम्मेदारी सामूहिक रूप से निभाई जा सके।

वनाग्नि की सूचना को समय पर साझा करने हेतु व्यापक स्तर पर ग्रामीणों का पंजीकरण कर फायर अलर्ट सिस्टम से जोड़ा जा रहा है। प्रत्येक गांव के अधिक से अधिक लोगों को इस अलर्ट व्यवस्था में शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे किसी भी संभावित आग की स्थिति में स्थानीय स्तर पर तुरंत रोकथाम की जा सके।साथ ही, जागरूकता बढ़ाने के लिए अभिनव उपाय अपनाए जा रहे हैं। नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखनएवं जनसंपर्क गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों, युवाओं एवं स्थानीय समुदाय को वनाग्नि के दुष्परिणामों और रोकथाम के उपायों के बारे में जानकारी दी जा रही है। पूर्व वर्षों के अनुभवों के आधार पर कोठारी एवं बारनवापारा परिक्षेत्रों को एक सफल मॉडल के रूप में देखा जा रहा है, जहाँ पिछले तीन वर्षों में ग्रामीण सहभागिता और वन कर्मचारियों की सक्रियता के कारण आग की घटनाएँ अत्यंत न्यूनतम रही हैं। इस मॉडल को अन्य परिक्षेत्रों में भी अपनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

## एक नजर

### कांग्रेस संगठन को जुझारू एवं सक्रिय बनाने दिल्ली में दस को बैठक



**रायपुर, 7 फरवरी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर दस फरवरी को जिला अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक नईदिल्ली में बुलाई गई है जिसमें छग के सभी नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जिला शामिल होंगे। बैठक में राहुल गांधी प्रियंका गांधी एवं अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि पूरे देश में कांग्रेस के संगठन को सक्रिय बनाने एवं कार्यकर्ताओं को चार्ज करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक 10 फरवरी को आयोजित की जा रही है। बैठक में मनरेगा बचाव प्रजातंत्र खतरे में है तथा एसआईआर के मुद्दे को लेकर व्यापक चर्चा होगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कुमार मेनन ने बताया कि वे इस बैठक में शामिल होंगे। मनरेगा बचाव तथा मतदाता गहन पुनरीक्षण सहित अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा करेंगे। विष्णुदेव सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं कार्यक्रमों को लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा की जा रही गतिविधियों की जानकारी देंगे। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि इस बैठक में अभी उनका जाना तय नहीं है लेकिन हाईकमान के निर्देश पर जा सकते है। फिलहाल इस बैठक में जिला अध्यक्षों को बुलाया गया है। इसलिए नवनियुक्त जिला अध्यक्ष इस बैठक में भाग लेंगे। कांग्रेस द्वारा ब्लाक स्तर के नये ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्त कर दी गई है जिसको लेकर विवाद है।

### कवासी लखमा रहेंगे मनकानगिरी में

**रायपुर, 7 फरवरी।** प्रदेश के कांग्रेस नेता एवं विधायक कवासी लखमा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार अब ओडिशा के मलकानगिरी में रहेंगे। यहां से वे अपने विस क्षेत्र सुकमा में आना जाना करेंगे। ज्ञात रहे आबकारी घोटाला में कवासी लखमा एक वर्ष तक जेल में बंद थे अब उन्हें सशर्त रिहा किया गया है।

### अब व्हाट्स एप पर भेजा जाएगा बिजली बिल, एक क्लिक पर भुगतान की सुविधा भी मिलेगी

**रायपुर, 7 फरवरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं ऊर्जा सचिव व डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव के निर्देशन में पॉवर कंपनी, उपभोक्ताओं की सुविधाओं में लगातार वृद्धि कर रही है। इसी कड़ी में व्हाट्सएप सुविधा शुरु कर दी गई है। छत्तीसगढ़ के बिजली उपभोक्ताओं को अब उनके व्हाट्स एप नंबर पर बिल भेजा जाएगा. वे इस बिल का पीडीएफ डाउनलोड करके सुरक्षित रख सकेंगे। उसका प्रिंट भी निकाल सकेंगे, इसमें उन्हें एक क्लिक करके बिल भुगतान की सुविधा भी मिलेगी। यह व्हाट्स एप मैसेज छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के आफिसियल वेरीफाइड आईडी से भेजी जाएगी, जिसमें अधिकृत ब्लूटिक लगी रहेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं ऊर्जा सचिव व डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव के निर्देशन में पॉवर कंपनी उपभोक्ताओं की सुविधाओं में लगातार वृद्धि कर रही है, इसी कड़ी में व्हाट्सएप सुविधा शुरु कर दी गई है। प्रदेश में 65 लाख उपभोक्ता हैं, जिसमें से 40 लाख उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर कंपनी में रजिस्टर्ड हैं.। उनमें से 30 लाख उपभोक्ता व्हाट्सएप उपयोग कर रहे हैं। पॉवर कंपनी इस सुविधा का लाभ लेते हुए उपभोक्ताओं तक व्हाट्सएप के माध्यम से बिजली बिल भेजेगी।

# कावेरी इंडस्ट्रीज की ऑयल फैक्ट्री में लगी भीषण आग

## कई किलोमीटर दूर से नजर आ रहा था धुआं



**रायपुर, 7 फरवरी।** राजधानी रायपुर के भनपुरी इलाके में आज दोपहर कावेरी इंडस्ट्रीज स्थित ऑयल फैक्ट्री में भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। आग की लपटें उठती देख आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया गया। फैक्ट्री में तेल और अन्य ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग तेजी से फैलने की आशंका बनी रही, जिससे दमकलकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

यह मामला खमतराई थाना क्षेत्र का है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर मौजूद है। आग की भीषणता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आग का धुंआ कई किलोमीटर दूर से नजर आ रहा है. उरकुरा रेलवे स्टेशन के पहले स्थित फैक्ट्री में लगी आगजनी से फैक्ट्री के चारों तरफ अफरा-तफरी की स्थिति नजर आ रही है.

# कंकाली तालाब में मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश



**रायपुर, 7 फरवरी।** राजधानी के प्रसिद्ध कंकाली तालाब में आज सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। सुबह सैर पर निकले लोगों ने जब तालाब के पानी में लाश देखी, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी।

पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने मौके पर पहुँचकर गोताखोरों की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शव की स्थिति को देखकर यह अंदेशा जताया जा रहा है कि यह 2 से 3 दिन पुराना है। पानी में रहने के कारण शव काफी फूल चुका है, जिससे तत्काल पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा है।

घटनास्थल पर मौजूद पुलिस की टीम आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। शहर के सभी थानों को गुमशुदगी की रिपोर्ट चेक करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस इस मामले को दो एंगल से देख रही है, क्या यह महज एक दुर्घटना या आत्महत्या है? या फिर किसी ने हत्या कर साक्ष्य छिपाने की नियत से शव को तालाब में फेंका है?

पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी का पाठ्यक्रम जारी

**रायपुर, 7 फरवरी।** शैक्षणिक सत्र 2026 के लिए प्रवेश प्रॉस्पेक्टस जारी कर दिया है। प्रेस वार्ता में विश्वविद्यालय के कुलपति शिव दयाल पांडे ने बताया कि संस्थान विज्ञान, तकनीकी नवाचार, शोध, विधि अध्ययन और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में विद्यार्थियों को समग्र रूप से तैयार करने पर लगातार काम कर रहा है। विश्वविद्यालय प्रबंधन, वाणिज्य, विज्ञान, कला, शिक्षा और विधि संकायों में करियर-उन्मुख स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा कार्यक्रम संचालित कर रहा है। इनमें 2-वर्षीय, 3-वर्षीय और 4-वर्षीय ऑनर्स कोर्स शामिल हैं, जिन्हें उद्योग की जरूरतों के अनुरूप डिजाइन किया गया है। कुलपति ने जानकारी दी कि स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इंक्यूबेशन सेंटर और वैश्विक रोजगार अवसरों के मद्देनजर विदेशी भाषा प्रयोगशाला स्थापित करने की योजना है। साथ ही इंडस्ट्री एकेडमिक अंतर को कम करने के उद्देश्य से विभिन्न संस्थानों के साथ एमओयू किए जा रहे हैं।

# असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर के खिलाफ एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन



**रायपुर, 7 फरवरी।** नकली दवाओं के कथित मामले में कार्रवाई न होने से नाराज़ NSUI कार्यकर्ताओं ने रायपुर तहसील कार्यालय स्थित असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर संजय नेताम के कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता अपने साथ 5 लाख रुपये नकद से भरा ब्रीफकेस लेकर पहुंचे थे। संगठन का दावा है कि यह राशि प्रतीकात्मक रूप से अधिकारी को रिश्वत छोड़कर ईमानदारी से काम करने का संदेश देने के लिए लाई गई थी। NSUI नेताओं के अनुसार, जैसे ही कार्यकर्ता कार्यालय पहुंचे, असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर संजय नेताम ने कार्यालय में ताला लगाकर स्थान छोड़ दिया। संगठन ने इसे जवाबदेही से बचने की कोशिश बताया है।

जिला अध्यक्ष शान्तनु झा ने कहा कि यह 5 लाख रुपये उनके कृषक पिता द्वारा घर निर्माण के लिए वर्षों में जोड़ी गई राशि है, जिसे उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में कथित भ्रष्टाचार के विरोध में जनता के हित में प्रतीकात्मक रूप से देने का निर्णय लिया। उनका कहना था कि उद्देश्य प्रशासन और सरकार का ध्यान इस मामले की ओर आकर्षित करना है। NSUI का आरोप है कि लगभग दस दिन पहले संजय नेताम को रायपुर के एक निजी कैफे में नकली दवाइयों के कथित कारोबारी के साथ देखा गया था, जिसकी तस्वीरें मीडिया में सामने आई थीं। इस संबंध में संगठन ने EOW और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जसवाल को शिकायत सौंपी थी। NSUI का कहना है कि विभागीय अधिकारियों ने सात दिन में कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। संगठन ने मांग की है कि नकली दवा कारोबार से जुड़े लोगों को संरक्षण देना बंद किया जाए, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो तथा असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर संजय नेताम को तत्काल निलंबित किया जाए। प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष शान्तनु झा, प्रदेश महासचिव निखिल बघेल, महामंत्री सूरज साहू, जिला उपाध्यक्ष सय्यद नूर, उत्कर्ष, तारिक अनवर, डीकेंद्र सिन्हा, संस्कार पांडे, अभिनव, ऐश्वर्य, गोपाल वर्मा, विमल साहू, संदीप बंजारे, अभिषेक, कपिल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सोने की कैंची से मोदी के बाल काटना चाहता था चोर

## जेल से छूटते ही राजधानी की तीन दुकानों पर बोला था धावा



**रायपुर, 7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से पुलिस ने एक ऐसे शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जिसका नाम कई राज्यों में करोड़ों की चोरी की वारदातों से जुड़ा हुआ है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और सिविल लाइन थाना रायपुर की संयुक्त कार्रवाई में पकड़ा गया यह आरोपी न केवल पेशेवर अपराधी है, बल्कि उसके बयान ने पुलिस को भी चौंका दिया है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान लोकेश श्रीवास उर्फ गोलू के रूप में हुई है। आरोपी ने हाल ही में रायपुर की तीन दुकानों में सेंध लगाकर करीब 7 लाख रुपये की चोरी की थी, जिसके बाद वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था।

वारदात के बाद आरोपी पहले नागपुर और फिर दिल्ली भाग गया। पुलिस की टीमें लगातार उसकी लोकेशन ट्रैक कर रही थीं। जैसे ही वह दोबारा रायपुर लौटा, पुलिस ने जाल बिछाकर उसे धर दबोचा। गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए पुलिस उपायुक्त स्मृतिक राजनाला ने बताया कि आरोपी को तकनीकी और मुखबिर तंत्र की मदद से पकड़ा गया है। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ के दौरान आरोपी ने ऐसा बयान दिया, जिसने पुलिस अधिकारियों को भी हैरान कर दिया। आरोपी ने कहा कि– मैं सोने की कैंची से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाल काटना चाहता था। इस बयान को पुलिस ने आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया है। अधिकारियों के मुताबिक आरोपी की मानसिक स्थिति, उसके बयान की गंभीरता और संभावित खतरे को ध्यान में रखते हुए हर एंगल से जांच की जा रही है। आरोपी के बयान को हल्के में नहीं लिया जा रहा।

### देश के अलग-अलग राज्यों में की थी चोरी

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 79, 500 रुपए नगद, दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं. आरोपी के खिलाफ सिविल लाइन और मौदहापारा थाने में अपराध दर्ज है. पुलिस के अनुसार, लोकेश श्रीवास उर्फ गोलू ने अब तक प्रदेश सहित देश के अन्य राज्यों में दो दर्जन से अधिक बड़ी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है. फिलहाल आरोपी से अन्य वारदातों को लेकर विस्तृत पूछताछ जारी है.

# प्लास्टिक बोतलों में शराब की बिक्री से कैंसर का खतरा : कन्हैया

**रायपुर, 7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश सरकार द्वारा प्लास्टिक की बोतलों में शराब बेचने के निर्णय पर कड़ा प्रहार करते हुए इसे जनस्वास्थ्य के साथ आपराधिक खिलवाड़ बताया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल पर्यावरण को तबाह करेगा, बल्कि प्रदेश की जनता को गंभीर बीमारियों की ओर धकेलेगा।

स्वास्थ्य संबंधी खतरों पर जोर देते हुए अग्रवाल ने कहा कि वैज्ञानिक शोधों से यह प्रमाणित हो चुका है कि प्लास्टिक बोतलों में जब शराब जैसा मादक पदार्थ लंबे समय तक रहता है, तो प्लास्टिक के सूक्ष्म कण और हानिकारक रसायन (जैसे थैलेट्स और बिस्फेनॉल-ए) शराब में घुलने लगते हैं। यह रासायनिक मिश्रण लिवर को नुकसान पहुँचाने के साथ-साथ कैंसर और बांझपन जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बनता है। सरकार राजस्व की बचत के लिए प्रदेशवासियों के जीवन को खतरे में डाल रही है।

श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि करोड़ों की संख्या में एकत्रित होने वाली प्लास्टिक की बोतलों का निष्पादन असंभव है। उन्होंने मांग की कि सरकार शराब के साथ-साथ सॉफ्ट ड्रिंक (पेप्सी, कोका-कोला आदि) की प्लास्टिक बोतलों पर भी तत्काल प्रतिबंध लगाए।

उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इस जनविरोधी और स्वास्थ्य-विरोधी निर्णय को वापस नहीं लिया, तो इसके खिलाफ पर्यावरण विभाग और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई जाएगी और जनता के साथ मिलकर सड़क पर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि (केमिकल लिंचिंग) प्लास्टिक से शराब में रसायनों के मिलने का जिक्र बीमारियों का नामः कैंसर, लिवर डैमेज और हार्मोनल बदलाव (बांझपन) जैसे गंभीर खतरों का स्पष्ट उल्लेख है। उन्होंने शराब के साथ सॉफ्ट ड्रिंक कंपनियों पर प्लास्टिक बोतलों पर रोक लगाने आवश्यक कार्रवाई की मांग।

**आयोजन** | कचहरी चौक स्थित राष्ट्रीय विद्यालय का स्थापना दिवस

# राष्ट्रीय विद्यालय का अपना एक गौरवशाली इतिहास है : सत्यनारायण



**रायपुर, 7 फरवरी।** कचहरी चौक स्थित राष्ट्रीय विद्यालय ने अपने स्थापना के 107 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इस अवसर पर आज विद्यालय में स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय सत्यनारायण शर्मा, पूर्व विधायक रायपुर ग्रामीण एवं पूर्व मंत्री छ.ग. शासन थे। इस दौरान कार्यक्रम में प्रधान संपादक छत्तीसगढ़ वाच राम अवतार तिवारी, प्रधान संपादक पत्रिका समवेत सृजन रवि भोई, वरिष्ठ पत्रकार तरुण छत्तीसगढ़ प्रकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय विद्यालय समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी, उपाध्यक्ष मदनलाल तालेड़ा, सचिव नरेशचंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजकिशोर नत्थानी एवं वरिष्ठ सदस्य गोकुलदास डागा, सदस्य आर.के.गुप्ता, विजय दानी संस्था सदस्यों में विजय दानी एवं श्रीमती पी.जी.डागा कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ श्रीमती संगीता घई एवं समस्त प्राध्यपकगण के अलावा राष्ट्रीय विद्यालय के प्राचार्य यू.एस.व्यास एवं समस्त शिक्षकगण तथा बाल आश्रम के अधीक्षक अनिल चंद्राकर एवं समस्त स्टॉफउपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्यनारायण शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय विद्यालय समिति के स्थापना के 100 वर्ष हो चुके हैं।

यह अपने आप में इतिहास है। उन्होनें कहा कि राष्ट्रीय विद्यालय की स्थापना एक ऐसे समय में की गई थी जब देश में स्वतंत्रता आंदोलन चल रहा था, ऐसे में आजादी के दीवानों के बच्चों के लिए शिक्षा की व्यवस्था के लिए इस विद्यालय की स्थापना हुई जिसमें अमूल्य योगदान सेठ स्व. नेमीचंद श्रीश्रीमाल, स्व. गोविन्दलाल वोरा जैसे महान समाजसेवियों का भी रहा है। उन्होने बताया कि समिति की जड़े बहुत गहरी और मजबूत है क्योंकि किसी भी संस्था का 100 वर्ष पूर्ण करना कल्पना से परे है। आज यह समिति विशाल वृक्ष के रुप में दिखाई दे रही है और इस विद्यालय से पढ़े बच्चें विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों पर आसीन है। समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह समिति स्व. माधवराव सप्रे, स्व. सेठ शिवदास डागा, स्व. सेठ बालकिशन नत्थानी के सपनों से सिंचित है, इस विद्यालय की देन है कि यहॉं से पढ़े हुए बच्चों में आर.पी.शर्मा, सिन्हा उच्च पदो पर रहे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26